दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 20 मई 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 40 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने एक तीर से कई निशाने साध डाले। यहां तक कि आपदा में भी अवसर तलाश लिया। भारत के हवाई हमले से पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई। वहीं पीओके और बलूचिस्तान में बगावत की आंधी तूफान के रूप में तब्दील हो गई। अमेरिका, चीन और तुर्किए के घटिया हथियारों की हकीकत दुनिया के सामने आ गई। भारतीय हथियारों का पूरी दुनिया लोहा मान गई। नतीजतन ब्रह्मोस मिसाइल सहित अन्य हथियार हासिल करने कई देश कतार में लग गए हैं। मतलब, आपरेशन सिंदूर पर भारत का जो खर्चा हुआ है, वह वसूल हो जाएगा।

महुआ पेड़ की छांव में विष्णुदेव साय की चौपाल : बोले, जो भी परेशानी है, निःसंकोच बताइए

विष्णुदेव साय ने लगाई इंजीनियर को फटकार, काम करो या सस्पेंड के लिए तैयार रहो, -चुकतीपानी में मुख्यमंत्री का अचानक दौरा, बैगा समुदाय ने किया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री ने योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखा

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को बिना पूर्व सूचना के हेलीकॉप्टर से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम चुकतीपानी पहुंचे। ग्रामीण अपने बीच मुख्यमंत्री साय को यूं अचानक पाकर आश्चर्यचकित हो गए, लेकिन कुछ ही क्षणों में यह हैरानी स्वागत में बदल गई। ग्रामीणों ने गुलमोहर की माला, तेंदू फल की टोकरी और स्थानीय फूल-पत्तियों से बना गुलदस्ता भेंट कर मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय अभिनंदन किया। गांव के मिडिल स्कूल परिसर में महुआ पेड़ के नीचे लगी चौपाल में मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों से करते हुए कहा कि सरकार कैसे काम कर रही है, यह जानने मैं स्वयं आपके घर आया हूं। जो भी परेशानी है, निःसंकोच बताइए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

179 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों की मांग पर मिडिल स्कूल भवन के मरम्मत की घोषणा की, साथ ही स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि गांव के लिए 179 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, ताकि हर जरूरतमंद को छत मिल सके। चुकतीपानी में मुख्यमंत्री का यह अप्रत्याशित दौरा न सिर्फजनता से सीधा संवाद था, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी था कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, गांव की मिट्टी में उतरकर सुशासन को परखती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है, सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

मोदी ने बिडेन के स्वास्थ्य को लेकर जतायी चिंता

नयी दिल्ली 19 मई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन को कैंसर होने संबंधी खबर पर चिंता जतायी है और उनके पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, ÷श्री जोसेफ आर बिडेन के स्वास्थ्य के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हूँ। हम उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमारी संवेदनाएँ डॉ. जिल बिडेन और उनके परिवार के साथ हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बिडेन के कार्यालय ने रविवार को पुष्टि की है कि श्री बिडेन को प्रोस्टेट कैंसर हो गया है। बताया गया है कि बीमारी हड्डियों तक फैल चुकी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी सहयोगी रहीं पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी जल्द ठीक होने की कामना की है।

एशियन लीडरशिप सम्मेलन में शामिल होंगे राघव चड्ढा

नयी दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने एशियन लीडरशिप सम्मेलन 2025 में शामिल होने को लेकर कहा है कि वैश्विक नेतृत्व के बीच भारत और उसके युवाओं के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है। श्री चड्ढा ने एशिया की प्रतिष्ठित एशियन लीडरशिप सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण मिलने पर आज कहा कि एशिया आज बदलाव के मुहाने पर खड़ा है और इस ऐतिहासिक मंच से भारत की सोच और अनुभव साझा करना उनके लिए एक सम्मान की बात।

महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना पांच लोगों की गई जान

रत्नागिरि (वार्ता)। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में सोमवार को एक कार के जगबुड़ी नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। रत्नागिरी पुलिस ने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब कार सवार मुंबई से देवरुख अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर जगबुड़ी नदी में गिर गई।

कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को 'सुप्रीम' फटकार

आपने देश को शर्मशार किया

जांच के लिए एसआईटी गठित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।

'टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार' : जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।'

विपक्ष हमलावर, इस्तीफे की मांग पर अड़ा : कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद विपक्षी दलों ने विरोध को और तेज कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजधानी भोपाल में जगह-जगह प्रदर्शन किए। पार्टी विधायकों ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की और मंत्री शाह को तत्काल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट लगा चुकी है फटकार

मंत्री शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान का विरोध तेज हुआ और उनके खिलाफकेस दर्ज करने की मांग की जाने लगी। मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान मंत्री शाह को जमकर फटकार लगाई गई। कोर्ट की ओर से तल्ख टिप्पणी करते हुए उनके बयान को कैंसर जैसा घातक बताया था। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। कोर्ट ने डीजीपी को मंत्री के खिलाफएफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद बुधवार देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफकेस दर्ज किया गया। अलगे दिन की सुनवाई में एफआईआर की कॉपी पेश की गई, जिसे लेकर कोर्ट ने सवाल उठा दिए। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि एफआईआर की भाषा मंत्री के हित में लिखी हैं, यानी उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कोर्ट ने एफआईआर में सुधार करने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी आदेश दिया कि मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होगी।

सुको बोला- 'आपको शर्म आनी चाहिए'

पीठ ने मंत्री से पूछा, 'यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का यह तरीका नहीं है। आपने जिस तरह की भद्दी टिप्पणी की है, आपको शर्म आनी चाहिए।'

दो बार माफी मांगी, नहीं बनी बात

कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान ने तूल पकड़ा तो मंत्री विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से दो बार माफी मांगी। मंत्री ने कहा- उनके दिए बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो वे दिल से क्षमाप्रार्थी हैं। सोफिया कुरैशी ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है और उनका योगदान जाति, धर्म या समुदाय से परे है। वह उन्हें एक सगी बहन से भी अधिक सम्मान देते हैं। शाह ने कहा कि मेरे वक्तव्य का उद्देश्य सोफिया के योगदान को समाज के सामने सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करना था, लेकिन व्याकुल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमले की पहले सूचना देना कूटनीतिक विफलता : कांग्रेस

■ विदेश मंत्री एस जयशंकर को इसका जवाब देना चाहिए

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने पहलगाम हमले के बाद की सैन्य कार्रवाई से पहले पाकिस्तान को सूचना देने को कूटनीतिक विफलता बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भाजपा सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर को इसका जवाब देना चाहिए।

श्री खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम् भूमिका हो जाती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है।

उन्होंने कहा ÷पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण, राहुल के आरोपों पर विदेश मंत्रालय का जवाब

नईदिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े बयान पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने राहुल के बयान को 'तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण' बताया है। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने से पहले 卐पाकिस्तान को सूचित किया卐। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी।

हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने आज स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है।

शीर्ष अदालत ने कहा, ÷सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है।

भारतीय अर्थव्यवस्था : चौथी तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद : रिपोर्ट

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत की जीडीपी ग्रोथ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई आईसीआरए की रिपोर्ट में दी गई। भारत की विकास दर ऐसे समय पर तेज गति से बढ़ रही है, जब अमेरिकी टैरिफके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था उतार-चढ़ाव का सामना कर रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में ग्रामीण और शहरी इलाकों में ग्राहक भावना में सुधार हुआ है। आईसीआरए में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा,÷आईसीआरए का अनुमान है कि भारत की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 6.9 प्रतिशत रह सकती है, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में निजी खपत और निवेश गतिविधि के रुझान दोनों असमान थे।

शाही जामा मस्जिद विवाद : हाईकोर्ट में अर्जी खारिज, सर्वे जारी रहेगा

प्रयागराज। शाही जामा मस्जिद, संभल से जुड़े विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मस्जिद प्रबंधन समिति की सिविल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस फैसले के साथ ही अब यह स्पष्ट हो गया है कि संभल की जिला अदालत में चल रही सर्वे संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को अस्वीकार करते हुए यह निर्णय सुनाया। 13 मई को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

विवाद की पृष्ठभूमि

यह मामला 19 नवंबर 2024 को उस समय शुरू हुआ जब कुछ याचिकाकर्ताओं ने संभल की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अदालत में याचिका दाखिल कर दावा किया कि मस्जिद का निर्माण 1526 में एक प्राचीन हरिहर मंदिर को तोड़कर किया गया था, जो भगवान विष्णु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट की कार्यवाही

हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोपाल शर्मा ने बताया कि हमने 19 नवंबर 2024 को याचिका दायर की थी, जिसके बाद अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। सर्वे दो चरणों में पूरा हुआ। मस्जिद पक्ष सुप्रीम कोर्ट गया, जहां से उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा गया। उन्होंने आगे बताया कि मुख्य कानूनी प्रश्न यह था कि क्या संभल के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) को सर्वे का आदेश देने का अधिकार था, और क्या यह मामला वहीं चलेगा या किसी अन्य न्यायालय में स्थानांतरित किया जाएगा। हाईकोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सुनवाई... सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा-

भारत कोई धर्मशाला नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई 'धर्मशाला' नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।

अपने देश में जान का खतरा

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पति-पत्नी-बच्चे भारत में बस गए

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ LTTE कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में LTTE के पूर्व सदस्य के रूप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नये वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

नयी दिल्ली (वार्ता)। मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ कुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाक मिसाइलों-ड्रोन्स के निशाने पर था स्वर्ण मंदिर, आकाश मिसाइल प्रणाली बनी ढाल

अमृतसर। पाकिस्तान ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को भी निशाना बनाने के लिए मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। इसे भारतीय रक्षा प्रणालियों ने ध्वस्त कर दिया था। इसे लेकर सेना ने एक डेमो भी जारी किया। इसके अलावा सेना के पश्चिमी मोर्चे ने एक नया वीडियो भी जारी किया। वीडियो में सेना ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल के मलबे भी दिखाए।

सेना के डेमो में क्या?

भारतीय सेना ने सोमवार को एक डेमो दिखाया। इसमें बताया गया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के GOC मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्री ने कहा, '... सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तानी सेना ने सुनियोजित तरीके से 22 अप्रैल को पहलगाम में अपने आतंकियों द्वारा देश और विदेश के निहत्थे पर्यटकों पर हमला करवाया था। इसके बाद पूरे देश के आक्रोश ने भारत के प्रबल नेतृत्व के अधीन ऑपरेशन सिंदूर का रूप लिया। हमने केवल आतंकी ठिकानों का नाश किया था और इसके अतिरिक्त किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया।'

'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा'

भारतीय सेना के एक जवान ने कहा, 'इस वक्त हम ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा हैं। 8-9 मई की रात को दुश्मन ने अचानक हम पर फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। हमने दुश्मन पर अचूक फायरिंग की और उसकी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह तक दुश्मन अपने घुटनों पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा लहरा दिया। हम अपने देशवासियों को यह भरोसा दिलाते हैं कि जब तक देश की सीमाओं पर भारतीय सेना तैनात है, तब तक कोई भी इस देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता।'

'नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार'

एक अन्य सैनिक ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी ढांचे पर सफल हमला किया। 22 अप्रैल के बाद हमने अपनी तैयारी शुरू कर दी और कम समय में तैनात होने के लिए तैयार थे। वर्तमान में आप अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पैंथर गनर्स की एक अच्छी तरह से छिपी हुई और अच्छी तरह से संरक्षित बंदूक की स्थिति में खड़े हैं। हम दुश्मन द्वारा हम पर किए जाने वाले सभी और किसी भी तरह के खतरों के लिए तैयार हैं, जिसमें ड्रोन हमले, हवाई हमले, जवाबी बमबारी और अन्य हाइब्रिड खतरे शामिल हैं। हम सतर्क हैं। हम सतर्क हैं और दुश्मन द्वारा हमारे खिलाफ किए जाने वाले किसी भी नापाक मंसूबे को विफल करने के लिए तैयार हैं।'

भारतीय रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता पर एक अन्य सैनिक ने कहा, 'जमीन आधारित वायु रक्षा हथियारों और सेना के वायु रक्षा हथियारों के गोला-बारूद का केवल 10त्न ही इस्तेमाल किया गया। हमने YI2-III और सोंगार जैसे कामिकेज ड्रोन और माइक्रो-ड्रोन बरामद किए हैं, जो संभवतः तुर्की मूल के हैं। हमारी वायु रक्षा दीवार को भेदना बहुत मुश्किल है।' उन्होंने आगे कहा कि 7 मई को जब हमने पाकिस्तान और पीओके में मुरीदके में लश्कर मुख्यालय जैसे शीर्ष आतंकवादी प्रतिष्ठानों की पहचान की और उन पर हमला किया, तो यह अनुमान लगाया गया था कि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा और हमारे मुख्य हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाएगा। आश्चर्य की बात यह रही कि कुछ कामिकेज ड्रोन, सतह से सतह और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें सीधे स्वर्ण मंदिर पर दागी गईं। लगभग 3 दिनों तक हमारे हवाई ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में कोई सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने इन कामिकेज ड्रोन और रॉकेटों से नागरिक क्षेत्रों

'अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था'

उन्होंने कहा कि 7 मई की रात को हमें पुख्ता जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान किसी उचित और सटीक टार्गेट न होने के कारण सिविल ठिकानों, खासतौर पर धार्मिक स्थलों को निशाना बनाएगा। इसमें अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर सबसे अहम था। हमें अतिरिक्त जानकारी यह भी मिली कि वे (पाकिस्तान) स्वर्ण मंदिर पर भारी तादाद में ड्रोन और मिसाइल से हमला करेंगे, इसलिए हमने तुरंत आधुनिक अतिरिक्त एवं उपयुक्त एयर डिफेंस उपलब्ध कराया था। हमने स्वर्ण मंदिर पर एक आंच भी नहीं आने दी।' 15 इन्फैंट्री डिवीजन के GOC मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि ने कहा, 'यदि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों का सहारा लिया तो उसका अवश्य ही विनाश होगा। याद रहे कि ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित किया गया है, खत्म नहीं हुआ है। उसका विकराल रूप अभी बाकी है। भारतीय सेना ने केवल आतंकवाद और आतंकी ठिकानों को बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के निशाना बनाया और सटीक तरीके से हमले किए। इसके उलट पाकिस्तानी सेना ने जानकर भारतीय सैन्य ठिकानों और सिविल इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी आर्मी के लिए सभी टार्गेट जायज हैं, मगर भारतीय सेना उनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

गुरुद्वारा साहिब और अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया। सभी हवाई हमलों को रोक दिया गया और बड़ी सटीकता के साथ मार गिराया गया।

'आकाश': हवाई खतरों से बचाने वाला भारत का स्वदेशी हथियार

'आकाश' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने तैयार किया। डीआरडीओ की ओर से विकसित 'आकाश' एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है।

एक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक, 12 पर कर सकती है हमला

'आकाश' में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से 12 पर हमला कर सकती है।

आकाश की खासियत

वॉर हेडः 60 किलोग्राम प्री-फ्रैगमेंटेड हाई एक्सप्लोसिव वॉर हेड

प्रणोदनः सॉलिड बूस्टर और इंटीग्रल रॉकेट या रैमजेट सस्टेनर मोटर

ऑपरेशनल रेंजः 45 किमी

अधिकतम गतिः मैक 2.5

गाइडेंस सिस्टम मिड कोर्सः डेटालिंक के साथ कमांड मार्गदर्शन

टर्मिनलः सक्रिय रडार होमिंग

लॉन्च प्लेटफॉर्मः टी-72 या बीएमपी-2 चेसिस या हैवी मोबिलिटी ट्रक

18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी. दूरी तक निशाना

'आकाश' बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। 'आकाश' की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि यह कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे रुपष्ट या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एन्न 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

भारत ने इतने बम विस्फोट किए, सुबह पाक चौकियों पर सफेद झंडे लहराने लगे...

■ पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलीबारी के बीच आतंकवादियों को भारत में घुसपैठ कराने का प्रयास किया था

नई दिल्ली। सेना ने अब खुद ऑपरेशन सिंदूर के बारे में खुलासे शुरू कर दिए हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को विफल करने के लिए क्या किया और किन हथियारों का इस्तेमाल किया, इसकी जानकारी दी जा रही है। भारतीयों को भरोसा दिलाते एक सैनिक का वीडियो सामने आया है।

एएनआई ने यह वीडियो जारी किया है। भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर हमले शुरू करने से पहले ही, यानी पहलगाम हमले के बाद से ही, पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारी मोर्टार से गोलीबारी कर रही थी। भारत ने 6 मई की रात को पाकिस्तान पर हवाई हमला किया, जिसके बाद अगले दिन शाम से पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया।

घुसपैठ की कोशिश को विफल

इसी समय 8-9 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलाबारी के बीच आतंकवादियों को भारत में घुसपैठ कराने की कोशिश शुरू कर दी। इस बार घटना का विवरण एक भारतीय सैनिक ने विस्तार से दिया है। पाकिस्तानी चौकी से भारत की ओर भारी गोलीबारी जारी थी। इस स्थान से अक्सर घुसपैठ के प्रयास किये जाते हैं। इससे भारतीय चौकी पर तैनात सैनिक सतर्क हो गए। जब रात में सामने से गोलीबारी शुरू हुई तो नाइट विजन डिटेक्शन सिस्टम घुसपैठ दिखा रहा था। भारतीय सैनिकों ने सटीक गोलीबारी करके घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

पाकिस्तान ने सुबह सफेद झंडा लहराया

इसके बाद उस पाकिस्तानी चौकी पर इतनी भारी संख्या में गोलीबारी और बम फेंके गए कि पाकिस्तानी बौखला गए। जैसे ही लगा कि भारतीय सैनिक रुकने वाले नहीं हैं, पाकिस्तान ने सुबह सफेद झंडा लहराया और गोलीबारी रोकने का प्रयास शुरू कर दिया। यह सब हमारे सैनिक ने कहा है। इस सैनिक ने भारतीयों को यह विश्वास भी दिलाया है कि जब तक भारतीय सेना सीमा पर है, तब तक कोई भी देश की ओर गलत नजर से नहीं देख सकता।

फिर विवादों में घिरे यूट्यूबर ध्रुव राठी

सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकंर, एसजीपीसी ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफसिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी ने ''द सिख वॉरियर हू टेरिफाईड द मुगल'' शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल

किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है और इससे सिख समुदाय की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सम्मानजनक भाषा की कमी और भ्रामक तथ्य पेश किए गए हैं। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी ध्रुव राठी के इस वीडियो की निंदा की है। उन्होंने लिखा है कि मैं ध्रुव राठी के हालिया वीडियो सिख योद्धा जिसने मुगलों को भयभीत कर दिया÷ की निंदा करता हूं, जो न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि सिख इतिहास और भावनाओं का घोर अपमान भी करता है। साहस और दिव्यता के अवतार श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को एक बच्चे के रूप में रोते हुए दिखाना सिख धर्म की मूल भावना का अपमान है, जो निडरता, लचीलापन और चढ़दी कला का प्रतीक है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने भी ध्रुव राठी को घेरा। उन्होंने कहा कि ध्रुव को सिख इतिहास को विकृत करने के लिए एआई का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है। सिख इतिहास और गुरुओं से संबंधित विषयों को पूरे सम्मान के साथ लेना चाहिए। इन विषयों को व्यवसायीकरण से दूर रखना चाहिए। ध्रुव राठी द्वारा वीडियो में गुरु गोबिंद सिंह और अन्य सिख गुरुओं के लिए एआई एनिमेशन का उपयोग करना अनुचित है। ऐसा करना तथ्यात्मक रूप से भी गलत है।

ज्योति का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड

हिसार(आईएएनएस)। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के लिए जासूसी करने और जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की 33 वर्षीय यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा का इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। उनके इंस्टाग्राम पर 1.31 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। हिसार पुलिस ने 17 मई को ज्योति को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन ने रविवार को मीडिया को बताया था कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंट सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भर्ती कर अपने प्रचार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोग गिरफ्तार

श्रीनगर(आईएएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकी गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। शोपियां जिले की पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया, आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त टीम ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की गई। ये ऑपरेशन सेना, पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जाते हैं।

आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में स्थानीय राजनीति आड़े नहीं आनी चाहिए

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने अपने ही गठबंधन के नेता संजय राउत को लताड़ लगाई है। उन्होंने शिवेसना यूबीटी के नेता संजय राउत को सलाह दी कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो उसके बीच स्थानीय राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि संजय राउत ने एक दिन पहले ही केंद्र सराकर द्वारा सांसदों का सर्वदलीय दल विभिन्न देशों को भेजने की आलोचना की थी और इंडी गठबंधन की पार्टियों से केंद्र सरकार के इस कदम का

बहिष्कार करने की अपील की गई थी। महाराष्ट्र के बारामती में मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए। आज केंद्र सरकार ने कुछ प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है और उन्हें विदेशों में जाकर पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान की गतिविधियों पर भारत का पक्ष रखने की जिम्मेदारी दी गई है।' पवार ने याद करते हुए कहा कि वह भी पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव द्वारा गठित एक दल के साथ संयुक्त राष्ट्र गए थे, जिसका नेतृत्व पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को अपने एक बयान में कहा था कि विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल दलों को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था। राउत ने आरोप लगाया कि यह प्रतिनिधिमंडल सरकार द्वारा किए गए 'पापों और अपराधों' का बचाव करेगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे प्रतिनिधिमंडल को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं थी, वह भी सरकार के खर्चे पर। ये वहां करेंगे क्या? हमारे पास विदेशों में राजदूत हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन को इसका बहिष्कार करना चाहिए था।

अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, पाक के समीप भी झटके महसूस किए गए

अफगानिस्तान। आज सुबह अफगानिस्तान में फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का झटका अफगानिस्तान और पाकिस्तान सीमा के बहुत करीब महसूस किया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी है। आज (19 मई) सुबह 8 बजे अफगानिस्तान में। भूकंप 54 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। भूकंप का केन्द्र अफगानिस्तान में, पाकिस्तान की सीमा के निकट था। भूकंप का केन्द्र जमीन से 140 किलोमीटर नीचे था। पिछले चार दिनों में यह चौथा भूकंप है। अफगानिस्तान वास्तव में भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के बीच की फॉल्ट लाइन पर स्थित है। जब भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे चली जाती है तो हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला में भूकंप महसूस किए जाते हैं। चीन में गुरुवार सुबह भूकंप से धरती हिल गई। चीन में आज भूकंप आया है। इतना ही नहीं, गुरुवार शाम को तुर्की में भी भूकंप आया। चीन में सुबह करीब साढ़े तीन बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 मापी गई है। तुर्की के लिए झटका थोड़ा बड़ा था। तुर्की में रिक्टर पैमाने पर 5.2 तीव्रता का भूकंप आया।

वकीलों से मारपीट मामले में 8 को अवमानना नोटिस

■ कोर्ट ने कहा- 16 जून तक दाखिल करें जवाब

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 25 अप्रैल को न्यायालय परिसर के पास वकीलों से हुई कथित मारपीट के मामले में आठ लोगों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अवमाननाकर्ताओं को मामले की अगली सुनवाई 16 जून तक अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

इस बीच, कोर्ट के पिछले आदेश के अनुसार कोलकाता पुलिस आयुक्त ने तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ के समक्ष घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत ने यह भी पाया कि अवमाननाकर्ताओं की ओर से वकील तो मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी पीठ के समक्ष हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया।

पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट दाखिल करने का दिया था निर्देश

पीठ ने 2 मई को कोलकाता पुलिस आयुक्त को वकीलों से कथित रूप से की गई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

पीठ ने उन्हें वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने कोलकाता पुलिस आयुक्त को जांच करने और वकीलों को परेशान करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान करने के लिए भी कहा। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

हाईकोर्ट ने घटना का स्वतः संज्ञान लेकर गठित की थी विशेष पीठ

पीठ ने पुलिस आयुक्त से यह भी कहा है कि वह हाईकोर्ट परिसर के पास किरण शंकर रॉय रोड और ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट के जंक्शन पर हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें।

हाईकोर्ट ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें कथित तौर पर वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य सहित कई वकीलों के साथ कथित रूप से मारपीट की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम ने न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी, न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ का गठन किया था। दो मई को पीठ ने कहा था कि प्रथम दृष्टया यह सामने आया है कि न्याय के समुचित प्रशासन में हस्तक्षेप करके और न्यायपालिका को बदनाम करके आपराधिक अवमानना की गई है।

बिलासपुर जिले के ग्राम आमागोहन पहुंचकर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद

विष्णु के सुशासन में हो रहा संवाद और समाधान, सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में सीएम ने लिया जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ में विष्णु के सुशासन में संवाद और समाधान की कड़ी निरंतर रूप से चल रही है। इस सुशासन की सरकार में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित हर योजना का लाभ हितग्राही को सुनिश्चित कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय की पहल पर सुशासन तिहार-2025 का आयोजन प्रदेशभर में किया जा रहा है। शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत से रूबरू होने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं लोगों के बीच पहुंच रहे हैं।*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार-2025 के तहत आमागोहन समाधान शिविर में पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। गौरतलब है कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेना और स्थानीय समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बिलासपुर के कोटा विकासखंड के आमागोहन गांव पहुंचे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सुशासन के माध्यम से हर गांव तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर के जरिए हम ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका तुरंत समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने राज्य में सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए। हमने महतारी वंदन के तहत माताओं-बहन को आर्थिक सहायता देने का काम किया। प्रदेश में 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। आज महिला सशक्तीकरण का काम महतारी वंदन के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला दर्शन योजना के जरिए प्रदेश के 22 हजार से ज्यादा लोग श्रीरामलला के दर्शन का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना के तहत देशभर के धार्मिक स्थलों में दर्शन की व्यवस्था हमने शुरू की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो सरकार अच्छा काम करती है, उसी की जनता के बीच जाने की हिम्मत होती है। हम अपने डेढ़ साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर जा रहे हैं। अपने काम का फीडबैक ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कई लाभार्थियों को योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र और सहायता राशि वितरित की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें ग्रामीण विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी और लोगों की समस्याओं का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री साय ने बैगा क्षेत्र चुकतीपानी में किया आकस्मिक दौरा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के दौरान जीपीएम जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत चुकतीपानी का आकस्मिक निरीक्षण किया. मिडिल स्कूल के प्रांगण में महुआ पेड़ के नीचे आयोजित मुख्यमंत्री की चौपाल में ग्रामीणों ने पूरी आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। बैगा समुदाय के ग्रामीणों ने स्थानीय फूल और पत्तियों से बना गुलदस्ता भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। बैगा प्रमुख समरथ सिंह बैगा ने गुलमोहर की माला पहनाकर, जबकि राइता बैगा ने तेंदू फल की टोकरी देकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं जिसमें मिडिल स्कूल की मरम्मत कार्य जल्द शुरू होगा। मिडिल स्कूल के मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएचई विभाग के सब इंजीनियर की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया. उन्होंने सख्त लहजे में कहा, या तो काम करो या फिर सस्पेंड होने को तैयार रहो, ये सरकार का काम है, कोई मजाक नहीं. इसके बाद उन्होंने सब इंजीनियर को गेट आउट कहकर वहां से जाने को कहा. इस घटना पर ग्रामीणों ने खूब तालियां बजाई।

हितग्राहियों से सीएम साय का सीधा संवाद

आमागोहन समाधान शिविर के दौरान सीएम श्री साय और हितग्राहियों के बीच सीधा संवाद हुआ। इस दौरान ग्रामीण महिला श्रीमती विमला साहू ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन के तहत हर महीने एक हजार रुपए मिल रहे हैं, इस पैसे को वो अपने नातिन के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना में राशि बैंक में जमा करती हैं। ग्राम मोहली के श्री छोटेलाल बैगा ने बताया कि पहले उनका कच्चा था, जहां बारिश में पानी टपकने से लेकर जहरीले जीव जंतुओं का खतरा हमेशा बना रहता था, अब पीएम आवास बनने से जीवन आसान हुआ है, अब सिर पर छत सुनिश्चित हो गया है। श्रीमती दिलेश्वरी खुसरो ने बताया घर में दो लोगों का आयुष्मान कार्ड बनने से अब उन्हें बीमार होने की स्थिति में किसी तरह की चिंता नहीं रही।

मुख्यमंत्री ने जनहित में घोषणाएं की

मुख्यमंत्री श्री साय ने आमागोहान में समाधान शिविर में बेलगहना में कॉलेज शुरू करने की घोषणा की। वहीं क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए कहा कि आमागोहन में 32 केवी का विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आमागोहन में एक सामुदायिक भवन की घोषणा की गई।

ग्रामीणों संग किया भोजन

मुख्यमंत्री ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं ग्रामीणों के साथ भोजन करने की मंशा जताई। बैगा, दिलेश्वरी खुसरो और अन्य ग्रामीणों के साथ भोजन किया।

मुखिया को हाथों से बनाया स्कैच किया भेंट

एमएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहे 24 वर्षीय देव सिंह खुसरो ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को अपने हाथों से बनाया गया पेंसिल स्कैच भेंट किया और कहा कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसान कल्याण की दिशा में बहुत बेहतर काम कर रहे हैं, जिसके लिए उनके परिवार, गांव के लोगों समेत किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

एक नज़र में आमागोहन

उल्लेखनीय है कि आमागोहन एक आदिवासी बाहुल्य गांव है। 2073 की आबादी वाले आमागोहन में 567 परिवार निवासरत हैं। चार आंगनबाड़ी के साथ ही गांव में दो प्राथमिक शाला, दो पूर्व माध्यमिक शाला, एक हाईस्कूल, एक हायर सेकेंडरी स्कूल और एक हॉस्टल संचालित है। आमागोहन ग्राम पंचायत में निवासरत परिवार विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें से सभी 567 निवासरत परिवार के पास राशनकार्ड हैं, जिनमें से 132 परिवार बीपीएल, 114 एपीएल एवं 321 परिवार अंत्योदय राशनकार्डधारी हैं। आवास योजना के कुल 134 हितग्राही परिवार हैं। वहीं उज्ज्वला योजना का लाभ लेने वाले 114 परिवार हैं। 185 हितग्राहियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिहान योजना से 20 लाभान्वित हैं। ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन से 210 स्वीकृत शौचालय हैं। महतारी वंदन योजना का 384 माता-बहनों को मिल रहा है। गांव में 1179 आयुष्मान कार्डधारी हैं।

सेंट्रल जेल में बंद मस्तूरी क्षेत्र के युवक की संदिग्ध मौत

■ परिजनों ने जेल प्रशासन पर उठाए सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी क्षेत्र के बिनैका गांव निवासी कन्हैया सोनी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है, जिसे दो महीने पूर्व एक मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन इसे सामान्य मौत नहीं मान रहे हैं। उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिवार वालों का कहना है कि जेल भेजे जाने के बाद बीते शुक्रवार तक कन्हैया पूरी तरह स्वस्थ था और उसे किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं थी। ऐसे में अचानक तबीयत बिगड़ने और मौत की सूचना पर वे विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। मृतक के चाचा अशोक कुमार सोनी ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से न तो उन्हें समय पर सूचना दी गई और न ही किसी तरह की स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेल में कन्हैया के साथ कुछ गलत हुआ है, जिसे छिपाया जा रहा है। वहीं, मृतक के पड़ोसी ओम प्रकाश टंडन ने भी प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित इलाज दिया जाता, तो शायद कन्हैया की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने यह भी मांग की है कि जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सार्वजनिक की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कन्हैया की मौत किन हालात में हुई। परिजनों का कहना है कि अगर सब कुछ सही है, तो फिर सीसीटीवी फुटेज दिखाने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

प्रशासन से न्याय की मांग

फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन परिजन इसे उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच का विषय मानते हैं। उन्होंने मामले को लेकर शासन-प्रशासन से न्याय की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला न केवल जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विचाराधीन बंदियों के साथ जेल में कैसा व्यवहार किया जा रहा है। अब देखना होगा कि जांच के बाद क्या सच सामने आता है और मृतक के परिजनों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

रोजगार कार्यालय कोनी में प्लेसमेंट कैंप आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी में आज 20 मई 2025 को सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में 2 निजी कम्पनियों द्वारा सेल्स मैनेजर, सेल्स एक्जिक्यूटिव, एकाउण्टेंट, टेलीकॉलिंग, मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग के 72 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार के इच्छुक आवेदक जिन्होंने 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास किया है वे इस कैंप में भाग ले सकते हैं।

युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, हत्या की आशंका

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब कन्या शाला के पीछे एक युवक की लाश संदिग्ध अवस्था में बरामद की गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय शिव नायक के रूप में हुई है, जो सिरगिट्टी क्षेत्र का ही निवासी था। युवक के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान मिलने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सिरगिट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की स्थिति को देखकर यह स्पष्ट हो रहा है कि मौत सामान्य परिस्थितियों में नहीं हुई। शव कन्या शाला के पीछे पौनी पसारी इलाके में मिला था, जो आमतौर पर सुनसान रहता है। सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर मिले चोटों के निशान काफी संदिग्ध हैं और प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने आसपास के इलाके की घेराबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है ताकि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जा सके। इस घटना के बाद से इलाके में भय और दहशत का माहौल है। स्थानीय निवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और जांच जारी है।

ट्रांसमिशन कंपनी ने 1431 अधिकारी-कर्मचारियों का करवाया बीमा

ड्यूटी में मौत पर मिलेंगे 15 लाख

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने अपने अधिकारियों -कर्मचारियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पालिसी कराई है। मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी कर सूचित किया कि बीमा अवधि 6.05.2024 (00.00 बजे) से 1 वर्ष के लिए प्रभावशील है। वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने 1431 अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए बीमा करवाया है। योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक का प्रावधान किया गया है। संबंधित कार्यालय द्वारा दुर्घटनावश मृत्यु की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3 प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को वरिष्ठ व्यावसायिक प्रबंधक, मेसर्स दि ओरियंटल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रमुख व्यावसायिक कार्यालय, एमआईजी - 15,शंकर नगर ,सेक्टर 3,रायपुर,छत्तीसगढ़, पिन नं. - 492004 ,दूरभाष क्रमांक 9425540156 को प्रेषित करना होगा। बीमा कंपनी द्वारा 30 दिन के अंदर दावा राशि का भुगतान किया जावेगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है, यानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा वार्षिक प्रीमियम राशि,बीमा कंपनी को प्रदान की गयी है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता आत्मजीत सिंह मक्कड़।

दौरा

सर्वदलीय सांसदों के गठित डेलिगेशन में कांग्रेस के केवल शशि थरुर का नाम

कांग्रेस पार्टी के हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता काबिल हैं: सचिन पायलट

बिलासपुर/नवप्रदेश। *केंद्र सरकार द्वारा सीमा पार आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखने के लिए सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन गठित किए गए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के प्रमुख देशों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेंगे।*

इस पहल को भारत की विदेश नीति और रणनीतिक संवाद की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को इन डेलिगेशन का नेतृत्व करने वाले सांसदों के नाम घोषित किए। खास बात यह रही कि कांग्रेस की ओर से केवल शशि थरूर का नाम इस सूची में शामिल है। परंतु अब कांग्रेस पार्टी ने साफ किया है कि उसने केंद्र सरकार को थरूर का नाम प्रस्तावित नहीं किया था। इस स्पष्टीकरण ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस मुद्दे पर जब छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से सवाल किया गया कि क्या कांग्रेस पार्टी शशि थरूर को डेलिगेशन में भेजने के काबिल नहीं समझती, तो उन्होंने

जवाब देने से बचते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी के हर सांसद, विधायक और कार्यकर्ता काबिल हैं। पायलट का यह जवाब हालांकि एक संतुलित बयान प्रतीत होता है, लेकिन राजनीतिक जानकार इसे भाजपा पर एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कटाक्ष मान रहे हैं। उनके अनुसार, पायलट ने सवाल को सीधे तौर पर खारिज करने के बजाय उस अंदाज़ में जवाब दिया, जो कई अर्थ निकालने की गुंजाइश छोड़ता है। शशि थरूर, जो एक अनुभवी राजनयिक और विदेश मामलों के जानकार माने जाते हैं, का नाम ऐसे डेलिगेशन में आना स्वाभाविक है। लेकिन कांग्रेस का यह कहना कि उन्होंने उनका नाम नहीं भेजा, यह संकेत देता है कि पार्टी और थरूर के बीच मतभेद या संवादहीनता की स्थिति हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रकरण यह भी दर्शाता है कि विपक्ष और सरकार के बीच विदेश नीति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर तालमेल की स्पष्ट कमी है। अगर थरूर जैसे वरिष्ठ नेता को केंद्र सरकार ने अपने स्तर पर चुना है, तो यह एक सकारात्मक पहल हो सकती थी, लेकिन कांग्रेस की प्रतिक्रिया ने मामले को और पेचीदा बना दिया है। केंद्र की इस पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि सुदृढ़ करने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। लेकिन इसमें विपक्ष की भूमिका और उसकी सहमति का अभाव, सवाल खड़े करता है। सचिन पायलट का जवाब भले ही कूटनीतिक हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि कांग्रेस इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पूरी तरह सहज नहीं है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि शशि थरूर इस मुद्दे पर खुद क्या रुख अपनाते हैं और क्या कांग्रेस भविष्य में इस तरह के कदमों में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार होती है।

सुविचार

पहले चित्रगुप्त महाराज कलम दवात लेकर बैठते थे इसलिए हिसाब अगले जन्म में होता था। अब वे लेपटॉप लेकर बैठते हैं इसलिए इसी जन्म में हिसाब हो जाता है। -अज्ञात

ऑपरेशन पर पाक का कबूलनामा

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर वहां के आतंकी अड्डों को जमींदोज किया था और इसके बाद पाकिस्तान के एयरपोर्टों को निशाना बनाया था, उसे लेकर आखिरकार पाकिस्तान ने भारी मन से यह बात कबूल कर ली है कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को बड़ी क्षति पहुंची है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वहां की संसद में यह बात कबूल की है। गौरतलब है कि पहले पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में हुई तबाही की बात को कबूल नहीं कर रहा था और मामूली नुकसान की बात कह रहा था। यही नहीं बल्कि पाकिस्तान के हुक्मरान और सेना यह झूठा दावा भी कर रहे थे कि पाकिस्तान की सेना ने भारत के हमले का करारा जवाब दिया है और भारत को भी बहुत नुकसान पहुंचाया है। किन्तु अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों और मीडिया समूह ने पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर से हुई क्षति का सच सामने रख दिया है। पाकिस्तान मीडिया ने भी यह सच्चाई उजागर कर दी कि आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के न सिर्फ आतंकी अड्डे नेस्तनाबूत हुए हैं बल्कि पाकिस्तान के विभिन्न एयरबेस भी तबाह हो गए हैं। ब्रह्मोस मिसाइल ने इन एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का कबूलनामा समाने आना ही था। बहरहाल, अब पाकिस्तान ने यह मान लिया है कि भारत ने वाकई पाकिस्तान के सीने पर करारा वार किया है। जबकि पाकिस्तान उधार में लिए हथियारों का उपयोग करने के बाद भी भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाया है। पाकिस्तान ने भारत के जिन एयरबेसों पर हमला करने की बातें कहीं थीं, वहां खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे थे। और पूरी दुनिया को हकीकत से रूबरू कराया था कि भारत के एयरबेसों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस बारे में पाकिस्तान का दावा झूठा है। पाकिस्तान के झूठ का भारत ने पहले ही पर्दाफाश कर दिया है और अब तो भारत ने आतंकवाद के खिलाफ विश्व को भारत के कड़े रूख का संदेश देने के लिए साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाने की घोषणा की है, जो इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे और पाकिस्तान के नापाक इरादों से विश्व समुदाय को अवगत कराएंगे। यह भारत की कूटनीति में जिससे वह पाकिस्तान को बेनकाब करके उसे एक आतंकवादी देश घोषित कराने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाएगा। यही वजह है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ एक बार फिर भारत के साथ बाचतीच की पेशकश कर रहे हैं लेकिन भारत ने उनके कबूलनामें के बावजूद पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बातचीत से दो टूक शब्दों में इंकार कर दिया है। भारत के इस कठोर रूख से पाकिस्तान सकते में आ गया है।

पाकिस्तान के साथ अब बांग्लादेश की बारी

भारत ने पहले पाकिस्तान को सबक सिखाया है और अब उसने बंग्लादेश को भी सबक सिखाने की तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश में जिस तरह भारत विरोधी कार्यवाही हो रही है। उसे देखते हुए बांग्लादेश की भी बारी आनी ही थी। इस क्रम में भारत ने बांग्लादेश से आयात होने वाले समानों पर सीमित बंदरगाह प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया है। यह बांग्लादेश के खिलाफ एक बड़ी आर्थिक स्ट्राइक है। गौरतलब है कि बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंटस और डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों सहित कई सामान भारत होकर ही दुनिया के कई देशों में निर्यात होते थे। अब भारत ने बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए लैंडपोर्ट से एंट्री पर बैन लगा दिया है। अब बांग्लादेश असम, मेघालय, तिरपुरा, मिजोरम और बंगाल के किसी भी लैंड कस्टम स्टेशन से अपने सामानों का निर्यात नहीं कर पाएगा। वह सिर्फ कलकत्ता के बंदरगाहों से ही अपने उत्पाद का निर्यात कर सकेगा। निश्चित रूप से लैंडपोर्ट से एंट्री पर बैन लगाकर भारत ने बांग्लादेश को करारा झटका दिया है। अब उसके लिए अपने उत्पाद खासतौर पर रेडिमेड गारमेंट का दुनिया भर में निर्यात करना कठिन हो जाएगा और यह उसे काफी महंगा पड़ेगा। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था वहां की काटन इंडस्ट्रीज पर ही टिकी हुई है। बांग्लादेश सरकार को वस्त्र व्यवसाय से ही 80 प्रतिशत आय होती है। भारत के इस कदम से बांग्लादेश की काटन इंडस्ट्रीज पर संकट के बादल मंडराने लगेंगे और बांग्लादेश भी बहुत जल्द पाकिस्तान की तरह ही भुखमरी का शिकार बन जाएगा। दरअसल, बांग्लादेश के केयर टेकर प्रधानमंत्री मोहम्मद युनूस ने भारत विरोधी रवैया अख्तियार करके खुद ही आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ कर ली है। नतीजतन, भारत ने अब मोहम्मद युनूस के नटबोल्ट टाइट करने का फैसला ले लिया है, जिसका बांग्लादेश को निकट भविष्य में खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

सीमा पर विराम परंतु श्रेय को लेकर रार, तकरार

राजीव खंडेलवाल

बात को कहकर पलट जाना उसकी संस्कृति है। दोस्त कहकर लगातार सहज मोदी को असहज कर नीचा दिखाने वाले को मक्कार के अलावा क्या कहिएगा? बावजूद इसके भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया अमेरिका के आगे मित्र शब्द लगा कह रहे हैं। जबकि इसी अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर के चलते एक बिलियन डॉलर का ऋण दिलवाया। और अभी एप्पल कंपनी को भारत में उत्पादन के लिए फैक्ट्री न खोलने की सलाह दे रहा है। भाटिया ट्रंप झूठ बोल रहे हैं इस बात का भी उच्चारण नहीं कर पा रहे हैं। झूठे अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप की "चौधराहट" के दावे को मोदी यह कहकर खारिज कर सकते थे कि, जिस व्यक्ति को यह ही नहीं मालूम कि पाकिस्तान को बने हुए मात्र 78 वर्ष हुए हैं, वह भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर समस्या को "हजारों साल" पुरानी बतलाता है। झूठ का यह पुलिंदा यही नहीं रुकता है, जब संघर्ष विराम के कुछ समय पूर्व ही

देश में इस समय चौक चौराहों पर चार-पांच प्रमुख मुद्दे, आतंकवाद का माकूल जवाब देने के लिए किया गया ऑपरेशन सिंदूर, संघर्ष विराम (युद्ध विराम, अल्पविराम,अंडरस्टैंडिंग), देश का आत्मसम्मान तथा संप्रभुता (ट्रंप का हस्तक्षेप) गंभीर रूप से चर्चा में हैं। क्या इन मुद्दों को हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री ने संतुष्टि पूर्वक संबोधित (एड्रेस) किया है? आइए इसकी सूक्ष्म विवेचना आगे करते हैं।

ट्रंप का वीडियो संदेश

ट्रंप ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र को संबोधन में प्रधानमंत्री पहले कहे वीडियो संदेश में स्पष्ट रूप से भारत-पाकिस्तान को एक तराजू में बराबर से रखते हुए व पाकिस्तान के "आतंक" का कोई उल्लेख न कर उस की जगह कश्मीर का उल्लेख कर ट्रेड बंद करने की धमकी व न्यूक्लियर वार का डर दिखाकर दोनों राष्ट्रों को युद्ध विराम के लिए "तैयार" करने का दावा किया। इस प्रकार ट्रंप का "श्रेय" की राजनीति से अंतरराष्ट्रीय पटल व अपने देश में मात्र 100 दिनों में ही तेजी से गिरती साख को सहारा देने का प्रयास है। यह उनके आगे कहे गए कथन से भी बिल्कुल स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने दो "न्यूक्लियर पावर" देशों के बीच युद्ध को रोक दिया, अन्यथा लाखों लोगों की जान चली जाती। एक कदम और आगे बढ़कर वे यह भी कहते हैं कि अमेरिका "मध्यस्थता" के लिए तैयार है। कश्मीर पर बात किसी तीसरी जगह पर होनी चाहिए। सऊदी अरब जाकर पुनः वे "ट्रेड" के दबाव का उपयोग कर युद्ध विराम कराने की बात कहते हैं।

मोदी स्टाइल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि, उन्हें जिनको सार्वजनिक रूप से जवाब देना होता है, उसे महत्व न दे के नाम लिए बिना सटीक और माकूल जवाब देने में वे माहिर होते हैं। जब रात्रि 8 बजे देश के नाम प्रधानमंत्री के संदेश आने की घोषणा की गई, तब देश आतुरता और तीव्रता से यह प्रतीक्षा कर रहा था कि, पहलगाम आतंकी हत्याकांड से लेकर संघर्ष विराम और उसके बाद की स्थिति पर प्रधानमंत्री देश को क्या संदेश देंगे? यह कौतहूल और तब बढ़ गया, जब उसके मात्र आधे घंटे पूर्व ही अमेरिका के राष्ट्रपति बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो संदेश वायरल होकर उक्त बातें कही गई।

कहीं पर तीर कहीं पर निशाना।

प्रधानमंत्री ने देश के के नाम संबोधन

में "कहीं पर तीर कहीं पर निशाना" अर्थात पाकिस्तान पर "तीर" और अमेरिका पर "निशाना" साधते हुए अपनी विशिष्ट मोदी शैली में ट्रंप के उक्त वीडियो से लेकर सोशल मीडिया में कहे गए दावों को नकार दिया। आधा गिलास खाली है या भरा है, आज के युग में किसी भी घटना को लेकर इसका आंकलन इसी तरीके से करने के कारण हर घटना के दो परस्पर विपरीत या एक दूसरे के पूरक पक्ष हो सकते हैं। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात आज की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में लड़ाई वास्तविक कार्रवाई (एक्शन) की नहीं, बल्कि बने या बनाए जा रहे "परसेप्शन" व "नरेटिव" की है। इस बात को ध्यान में रखने पर मोदी की बात को आप अच्छे से समझ पाएंगे। ट्रंप के बारम्बार कथन व संदेश की चार प्रमुख बातों का मोदी ने किस तरह से जवाब दिया, आइये! उसको देखते हैं।

मोदी के संबोधन के प्रमुख बिंदु

कश्मीर के संबंध में तीसरे तटस्थ देश में बातचीत के ट्रंप के प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा "हमारी बातचीत होगी तो सिर्फ "पीओके" और "आतंकवाद" को लेकर। ट्रेड के संबंध में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि "टेरर व ट्रेड" एक साथ नहीं हो सकते हैं। मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत "न्यूक्लियर ब्लैकमेल" नहीं सहेगा, जैसा की ट्रंप दावा कर रहे थे। युद्ध विराम के संबंध में मोदी ने कहा 3:30 बजे घबराये पाकिस्तान के डीआरएमओ से हमारे डीआरएमओ को फोन कर गुहार लगाई और हमने उनके युद्ध विराम के अनुरोध को स्वीकार कर किया। यद्यपि इस समय सेना का अपर हैंड था। तथा जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीएफकी नेत्री महबूबा मुफ्ती ने वहां की जनता की भावनाओं के अनुरूप इस संघर्ष विराम का स्वागत किया है, जो पुंछ का एक निवासी संघर्ष विराम के संबंध में प्रश्न पूछने पर कहता है, जान है तो जहान है। परंतु ट्रंप द्वारा की गई मध्यस्थता के बार-बार किए गये स्पष्ट दावे के संबंध में उसी तरीके से स्पष्ट रूप में आश्चर्यजनक रूप से एक शब्द भी नहीं कहा। पाकिस्तानी आतंक का उल्लेख न करना ही एक ही तराजू पर दोनों देश को रखने (हाइफन) के ट्रंप के "कुत्सिक प्रयास" पर मोदी ने ट्रंप को कोई लताड़ नहीं लगाई। अमेरिका के राष्ट्रपति से लेकर उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी हैं, के एक के बाद एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमेरिकन मध्यस्थता के माध्यम से युद्ध विराम (अंडर स्टैंडिंग) के दावे के साथ ही दस्तावेजी रूप में विश्व को सबसे पहले जानकारी भारत और पाकिस्तान के द्वारा न होकर ट्रंप के सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लिखे गए कथन से मिली। संपूर्ण घटनाक्रम में ट्रंप के इस एक सोशल मीडिया द्वारा विश्व को दी गई सूचना ने इस बात को "बल" प्रदान कर किया है कि भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में कहीं न कहीं अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अमेरिका से हुई बातचीत के दौरान "ट्रेड" पर कभी भी किसी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई है भारतीय विदेश विभाग द्वारा देरी से जारी खंडन करते समय कहीं ना कहीं इस बात को भारत स्वीकार कर रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच डीआरएमओ के स्तर के ऊपर बातचीत तो हुई ही है। ट्रेड बातचीत के खंडन के समय भी विदेश विभाग के ट्रंप के "अंडरस्टैंडिंग" के दावे के संबंध में कुछ नहीं कहता है। भारत सरकार की इस संबंध में "चुप्पी" कहीं न कहीं इस मुद्दे को "दाल में काला" बना रही है?

मोदी का आतंक के प्रति नीति में "बदलाव" के संकेत।

प्रधानमंत्री ने कहा"आतंक और आतंक को आश्रय देने वाली सेना और देश में अब हम अंतर नहीं मानेंगे"। प्रधानमंत्री की देश को संबोधन में यह सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है। इसमें छुपे निहित अर्थ को समझना होगा क्योंकि अभी तक हमने "ऑपरेशन सिंदूर" में स्पष्ट रूप से यह लाइन ली हुई थी कि हमने पाकिस्तान की सेना या नागरिकों को टारगेट नहीं बनाया है, सिर्फ आतंकी व उनके अड्डों को आगे मोदी ने किसी भी आतंकी कार्रवाई के जवाब में अब यह अंतर किया जाकर दोनों को टारगेट बनाया जाएगा, यह स्पष्ट संदेश विश्व को दिया है। ट्रंप को उसके देश अमेरिका में प्रतिदिन झूठ बोलने झूठों का सरदार राजनेता माना जाता है। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में 30573 झूठ बोले हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1902 में आज ही के दिन क्यूबा को संयुक्त राज्य अमेरिका से आजादी मिली थी। 1902 में 20 मई को ही टॉमस एस्ट्राडा पाल्मा देश के पहले राष्ट्रपति बने थे। 1923 में आज ही के दिन स्टेनली बाल्डविन ब्रिटेन के प्राइम मिनिस्टर बने थे। 1926 में 20 मई के दिन ही रेलवे श्रम अधिनियम पारित किया गया था। 1927 में आज ही के दिन सऊदी अरब को ब्रिटेन से फ्रीडम मिली थी। 1990 में आज ही के दिन हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष से पहली तस्वीरें भेजी थीं। 2000 में आज ही के दिन फिजी में जॉर्ज स्पेट अंतरिम प्रधानमंत्री बने थे। 2001 में 20 मई के ही दिन अफगानिस्तान में तालिबान ने हिंदुओं की अलग पहचान के लिए ड्रेस कोड बनाया था। 2002 में आज ही के दिन पुर्तगाल ने पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की।2011 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्य प्रदेश के बीना में हज़ारों करोड़ की लागत से बनी ऑइल रिफ़ाइनरी देश को समर्पित की थी। 2011 में आज ही के दिन झारखंड की पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज़ भारतीय महिला बनी थीं।

पाठकों की बात

कहूं किससे

कहूं किससे अभी तक जो रहा सपना। नहीं कोई जमाने में रहा अपना।। दिखावे की बनाती बात है दुनिया। यही सच है अकेले पड़ रहा खपना।।

– अजय मिश्रा अभिज्ञ

घर के सपनों

घर के सपनों का महल, उजड़ गया उस रोज। जब दसवीं के छात्र ने, मृत्यु स्वयं ली खोज।। जीवन का क्यों लग रहा, मृत्यु आज उपचार।। थोड़े से संघर्ष से, बच्चे मानें हार।। सिर्फ़ पढ़ाई ही नहीं, जीवन का आधार। बच्चों को पहनाइए,संस्कार का हार।। मात पिता का ध्येय हो, सबल बने संतान। अंकों से किसके हुई,मतिबल की पहचान।।

– शुचि 'भवि'

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | बचपन कहां...काश! ओ दिन

बचपन कहां...काश! ओ दिन फिर लौट आता काश! ओ दिन फिर लौट आता तुम मुझे देख कर हंसते मैं तुम्हें देख कर हंसता यह सिलसिला चलता रहता बचपन मचलता रहता पगडंडियों में सायकल की सवारी तालाबों के पनघट पर उछल कूद बरगद की डालियों में झुलना साथियों का पेंट छुपाना वह बचपन था खुशियों का पल था, अब तो बीत गए वे सुनहरे पल बस खामोशियों का पल है नहीं कोई अब हंसने वाला फटे पेंट पहनने वाला अब नहीं रहा किसी से किसी को मोहब्बत यह समय है नफ्रत वाला चेहरों पर अब हंसी कहां वह बचपन कहां। – **लक्ष्मीनारायण लहरे**

कितना कुछ है जो मुझे कहना है

कितना कुछ है जो मुझे कहना है ,बताना है, लिखना है किस्सों और कहानियों की शक्ल देनी है उस अनकहे को पर कभी वक्त नहीं होता और कभी हिम्मत नहीं होती।बस एक इन्तजार है सबकुछ मेरे पक्ष में आने का हो सकता है ये इंतजार अंतहीन हो पर सब्र करना तो सीखना पड़ता है और नहीं सीखो तो वक्त के थपेड़े सीखा देते हैं।। – **मीना सोनी**

भरी दुनिया में क्या है तुमसे प्यारा,

भरी दुनिया में क्या है तुमसे प्यारा, कुछ नहीं मेरा। हुआ करता था इक दिल वो भी हारा, कुछ नहीं मेरा। बचा है क्या मेरा, कर बैठी हूं कुर्बान सब तुमपर। मेरा तो सब तुम्हारा है तुम्हारा, कुछ नहीं मेरा।

– **शोभा किरण**

हम सभी ने जीवन भर भारत

हम सभी ने जीवन भर भारत पर आतंकी हमले देखे हैं। पाकिस्तान को कभी सजा नही मिलती थी। हम मन मसोस कर रह जाते थे। जबसे मोदीजी आए हैं पाकिस्तान में घुसकर बदला लिया जाता है। यह वैसा ही है जैसा कि राम मंदिर का निर्माण और धारा 370 का हटना। यदि कोई व्यक्ति इस आमूलचूल अंतर को भी उल्टा दिखाना चाहता है तो समझिये कि राजनीति के अंतिम रैबीज ने उसे डस लिया है। और यह बहुत ही घिनौना है। – **निश्चय बाजपई**

अच्छा सुनो..तुम आना जब, तब....

अच्छा सुनो..तुम आना जब, तब....माथे पर ले बिंदिया चंदावाली पीली अंगिया फूलोंवाली लेकर आना तुम, तब... सावन की ऋतु झूलोंवाली फागुन की ऋतु भूलोंवाली कजरारी पलकें शरमीली निंदियारी अलकें उरझीली आना तुम तब मेरी बनकर फूलों को जूड़ों में कसकर हांथों में मेहँदी रचकर आना तुम ,तब...

– **नीरज वर्मा नीर**

कैसा होता होगा स्त्री का पसंदीदा पुरुष

कैसा होता होगा स्त्री का पसंदीदा पुरुष, कृष्ण की तरह कैसा प्रेम राधा को गृहस्वामिनी नहीं, बना सके और रुक्मणी, सत्यभामा हृदय की स्वामिनी न हो सकी, राम की तरह कैसी मर्यादा जिसके लिए प्रजा के व्यंगबाण पत्नी के सम्मान से बड़ा हो शिव की तरह सत्य, शिव ही सुंदर है !!! पति के अपमान पर खुद को भस्म कर दे वो सती, और विरह में जो तांडव रच दे वही ःशिव , स्त्री के पसंदीदा पुरूष शिव जैसे ही हो सकते हैं

– **तनु देहलवी**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

कबूतर से ट्राई तक

विजय कुमार गुप्ता

क्या जमाना रहा होगा,
दूसरे विश्व युद्ध तक संदेश वाहक का काम कबूतर भी करता था।
जंगली फिल्म का याहू शब्द भी संचार का माध्यम था।
ऐ जी, ओ जी संबोधन से रिश्ते पला करते थे।
पत्रों का इंतजार रहता था, जवाबी कार्ड भेजते थे।
संचार क्रांति की हवा तेज हुई,
अब तो आंधी सी चल रही है।
प्रगति में कई 'जी' गिनती बढ़ा रही है,
सुविधा पे सुविधा बढ़े, कष्ट किसी को न रहे,
बस समय कम पड़ता जा रहा है,
दूरसंचार काम कर रहा है।
विश्व संचार दिवस पर ट्राई दुरुस्त चुस्त है,
पर नजदीक खड़े इंसान की भाषा पढ़ने में सुस्त है,
काम में अति हद तक मस्त है,
भेजा फ्राई सा हुआ रहता और पस्त
सेकंड में बात विश्व के कोने तक पहुंचती है,
रिश्ते नाते संबंध विश्व में जबरदस्त हैं।

QUIZ TIME

1) अप्रैल 2025 में प्रकाशित द चीफमिनिस्टर एंड द स्पाई पुस्तक के लेखक कौन है?

2) क्षीरोव, इन्दिरा तथा समुद्रजा किसके पर्यायवाची शब्द हैं?

3) प्रयोगशाला उपकरण बनाने के लिए किस काँच का प्रयोग होता है?

4) किस काल में गाँव को मावदा डीह के नाम से जाना जाता था?

5) कुमुदिनी लाखिया कौन है जिनका अप्रैल 2025 में निधन हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला -(1) अमरजीत सिंह दुलत (2) लक्ष्मी (3) पाइरेक्स काँच (4) मुगल (5) कत्थक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 052 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त : 07:05, चन्द्रोदयः : 24:43, चन्द्रास्तः 10:44, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : वणिज (06:11 तक), द्वितीय करण : विष्टि (18:05 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : मकर, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 08:49 से 10:28, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:21 से 19:29, रवि योग : 05:21 से 19:29, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त : 19:05 से 19:25, सायाह्न सन्ध्या : 19:06 से 20:07, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:34, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 10:30 से 12:14, दुर्मुहूर्त : 12:41 से 13:36, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (06:11 तक), भद्रावास : पाताल (06:11 से 18:05)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। प्रातः काल जल्दी कार्यों में जुटने का फल शीघ्र ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

वृषः आज का दिन काफी उठा पटक वाला रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं में अचानक बदलाव करना पड़ेगा। दिन के आरंभ में कार्यों की गति धीमी रहेगी।

मिथुनः आपका आज का दिन व्यर्थ की भाग दौड़ में बीतेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से थकावट रहेगी।

कर्क : आज का दिन भी आशानुकूल रहेगा। सेहत उत्तम रहने से कार्यों को मन लगाकर करेंगे लेकिन किसी के हस्तक्षेप करने से मन विक्षिप्त हो सकता है।

सिंह : आज के दिन अनैतिक कार्यो से बच कर रहें मन भ्रमित रहने के कारण निषेधात्मक कार्यों में भटकेगा।

कन्या : आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे उसी में उलझने पड़ेंगी। फिर भी आज आप हिम्मत नही हारेंगे।

तुलाः आज का दिन आशाओं के विपरीत रहने वाला है। सोची हुई योजनाए आरम्भ में सफल होती नजर आएंगी।

वृश्चिक : आज आपके समस्त कार्य निर्बाधित रूप से चलते रहेंगे। कार्य व्यवसाय से आर्थिक लाभ भी रुक रुक कर होने से धन संबंधित परेशानियां कुछ हद तक सुलझेंगी।

धनु : आज दिन का पूर्वार्ध आलस्य से भरा रहेगा।

मकर : आज के दिन मानसिक चंचलता के कारण बनते कार्यो को दुविधा के कारण आप स्वयं बिगाड़ लेंगे।

कुंभः आपको आज के दिन प्रत्येक कार्यो में सावधान रहने की आवश्यकता है। धन के पीछे भागने की प्रवृति पर आज लगाम लगाकर रखे।

मीनः आज के दिन लाभ के अवसर आपकी तलाश में रहेंगे। दिन में जिस किसी के भी संपर्क में रहेंगे।

ये कैसा सुशासन है, श्रम विभाग में लाखों आवेदन लंबित : सन्नी अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं मजदूर नेता सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों के आवेदन लाखों की संख्या में लंबित है। जैसे मिनीमाता महतारी जतन योजना में 4834, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना में 110049, श्रमिक औजार सहायता योजना में 237729, सिलाई मशीन सहायता योजना में 10238, नौनिहाल छात्रवृति योजना में 20000, निर्माण मजदूर कौशल विकाश योजना में 14370, निर्माण श्रमिक सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 188153, नोनी सशक्तिकरण योजना में 14076, श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश सहायता योजना में 47345, पंजीयन में कुल 13243 आवेदन लंबित है। यह डाटा श्रम विभाग के ऑनलाइन से प्राप्त आंकड़े हैं।

श्रमिकों से प्राप्त सूचना अनुसार आजकल सभी योजनाओं में जो पूर्व सरकार में 90 दिवस के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिलता था अब इस सरकार में एक साल और कुछ योजनाओं में 3 साल तक कर दिया गया है जिसके कारण हमारे श्रमिक साथियों शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहें हैं। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन तक नहीं हो रहे हैं जैसे ई रिक्शा, सायकल, सिलाई मशीन आदि में।

पूर्व भूपेश बघेल की सरकार में जहां श्रमिक महिलाओं को दीदी ई रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत राशि रुपए 1 लाख सीधे उनके खाते में प्रदान किया जाता था, आज बीजेपी की सरकार में उनके लोन अकाउंट में दिया जा रहा है जिसके कारण कई श्रमिकों को खाते में उक्त अनुदान राशि जमा नहीं हो रहा है, जिसके कारण श्रमिक बहनों को लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व में जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में टॉप 10 की सूची में आते थे उन्हें विभाग की ओर से 1 लाख रुपए, ई स्कूटी के लिए एक लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री की तरफ से एक लाख रुपए और हेलीकॉप्टर में घुमाया जाता था।

जिसमें श्रमिकों के साथ ऐसा शोषण हो रहा है

संज्ञान में यह भी आया है कि कई जगहों से प्लेसमेंट में कार्य कर रहे कर्मचारियों को जबरदस्ती नौकरी से निकाल दिया गया है तथा ठेका एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को सही समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं और श्रम विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही इन संस्थानों के ऊपर नहीं किया जा रहा हैं।

भीषण गर्मी से राहत देने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल जारी

■ **डूमरतराई के थोक सब्जी मंडी में नि:शुल्क जल सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स लगातार विभिन्न स्थानों पर प्याऊ स्थापित कर व्यापारियों, ग्राहकों समेत राहगीरों को राहत पहुंचने का कार्य कर रहा है। इसके तहत पिछले दिनों में रायपुर के अनेकों इलाकों में सफलतापूर्व प्याऊ लगाया जा चुका है इसी कड़ी में डूमरतराई के थोक सब्जी मंडी में भी श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति द्वारा निःशुल्क जल सेवा केंद्र का शुभारंभ कर भीषण गर्मी में राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने निःशुल्क ठंडा पानी का वितरण किया गया।

इसे लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने कहा कि हम लगातार सभी को गर्मी से राहत देने प्याऊ का प्रबंध कर रहे हैं और इसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी साथी पूरी लगन से अपना योगदान दे रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि हम रायपुर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ लगाने में सफल हुए हैं जिसका लाभ व्यापारी साथियों और आमजन को मिल रहा है।

साथ ही चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी कुम्हारी, भिलाई 3 ,जवाहर मार्केट व सुपेला पहुंचे जहां क्षेत्र के व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान चेंबर अध्यक्ष ने श्री गारगी शंकर मिश्रा जी को छत्तीगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के भिलाई नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया।

इसके साथ ही पंजाबी पैलेस सेक्टर 5 में चेंबर अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन समारोह और एक देश एक चुनाव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापार, उद्योग की दृष्टि से भिलाई छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख स्थान है।

संक्षिप्त खबरें

ट्रांसमिशन कंपनी के कर्मियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने अपने अधिकारियों-कर्मचारियों का सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पालिसी कराई है। मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी कर सूचित किया कि बीमा अवधि दिनांक 06.05.2025 (00.00 बजे) से एक वर्ष के लिए प्रभावशील है। वर्ष 2025-26 के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने 1431 अधिकारियों- कर्मचारियों के लिए बीमा करवाया है।योजना के तहत कार्य अवधि में मृत्यु होने पर जोखिम राशि रुपए 15 लाख एवं कार्य अवधि के अलावा अन्य अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु होने पर राशि रुपए 5 लाख प्रति कार्मिक का प्रावधान किया गया है। संबंधित कार्यालय द्वारा दुर्घटनावश मृत्यु की जानकारी अनिवार्य रूप से बीमा कंपनी को 24 घंटे के अंदर देना सुनिश्चित करना होगा। साथ ही 30 दिन के अंदर निर्धारित दावा प्रपत्र एवं समस्त वांछित दस्तावेजों की 3 प्रतियां व्यक्तिगत रूप से उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी कार्यालय से परीक्षण कराके बीमा कंपनी को भेजना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों को वरिष्ठ व्यावसायिक प्रबंधक, मेसर्स दि ओरियंटल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, प्रमुख व्यावसायिक कार्यालय, एमआईजी - 15,शंकर नगर ,सेक्टर 3,रायपुर,छत्तीसगढ़, पिन नं. -492004 ,दूरभाष क्रमांक 9425540156 को प्रेषित करना होगा। बीमा कंपनी द्वारा 30 दिन के अंदर दावा राशि का भुगतान किया जाएगा। यह योजना गैर अंशदायी प्रकृति पर आधारित है, यानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा वार्षिक प्रीमियम राशि,बीमा कंपनी को प्रदान की गयी है।

उपन्यास 'काया' का हुआ लोकार्पण

रायपुर। जन संस्कृति मंच रायपुर द्वारा स्थानीय वृंदावन हॉल में 17 मई को एक भव्य और भव्य और सुरुचि पूर्ण आयोजन में जसम की सदस्य और देश की शीर्ष स्त्री कथाकारों में शुमार जया जादवानी के हाल में प्रकाशित उपन्यास काया का लोकार्पण किया गया। यह उपन्यास अभी कुछ ही दिनों पहले भोपाल के प्रतिष्ठित मंजुल प्रकाशन से छापकर आया है।कार्यक्रम की शुरुआत में जसम के लोकप्रिय गायकों वसु गंधर्व और निवेदिता शंकर ने जसम की परंपरा के अनुरूप चुनिंदा कवियों की रचनाओं का गायन कर माहौल संगीतमय कर दिया। फिर अतिथियों द्वारा उपन्यास काया को विमोचित किया गया। विमोचन के पश्चात लेखिका जया जादवानी ने उपन्यास की रचना प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी वे किसी की संवेदना को घायल होते देखती हैं तो उसके पक्ष में कलम उठाने को मजबूर हो जाती हैं। हमारे समय में ऐसा वर्ग जिसकी संवेदना सबसे अधिक घायल हो रही है और जो सामाजिक उपेक्षा का सबसे बड़ा शिकार है वह तृतीय जेंडर ही है, इसलिए उन्होंने उसके विषय में लिखने का मन बनाया था। उन्होंने पाठकों से अपील की कि वे काया उपन्यास को इस व्यापक संवेदनशीलता के साथ पढ़ें, कि हर व्यक्ति का जीवन उसका अपना होता है और जीवनयापन के उसके अधिकार में हस्तक्षेप करने का हक किसी को नहीं, चाहे वह उसका अपना परिवार या अपना समाज ही क्यों ना हो। समीक्षा सत्र की प्रथम वक्ता विद्या राजपूत ने जया जादवानी के लेखन में एलजीबीटी थीम की विशिष्टता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि तृतीय जेंडर की संवेदना को जया जादवानी ने जिस प्रकार अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है, ऐसा करने वाली वे हिंदी की अकेली लेखिका हैं। रवि अमरानी ने कहा कि इस विषय पर लिखना निस्संदेह एक साहसिक कार्य है। 'काया' की लेखिका ने उस क्षेत्र में प्रवेश किया है जहाँ सामाजिक वर्जना,संवेदना, जिज्ञासा, पीड़ा और सत्य – सब एक साथ चलते हैं।

रायपुर में बदमाशों के हौंसले बुलंद घर में घुसकर की मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश।राजधानी में गुंडे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. 4 से 5 बदमाश युवकों ने एक व्यक्ति की बेदम पिटाई की है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा कि रात के 2 बजे घर में घुसकर बदमाशों ने मारपीट की है। यह मामला सेजबहार मुजगहन थाना क्षेत्र का है।

कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, बाकी की तलाश जारी : एसएसपी-इस मामले में रायपुर एसएसपी लाल उमेंद सिंह ने कहा, एक व्यक्ति के साथ पड़ोस में रहने वाले 4-5 लड़कों द्वारा मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर थाना मुझगहन में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पूरे प्रकरण पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. अन्य की गिरफ्तारी शेष है, जिन्हें जल्द पकड़ लिया जाएगा। इसके अलावा आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्रियों की होगी जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित की जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में विशेष जांच समिति का गठन किया है, जो रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजी गई सामग्रियों की जांच करेगी ।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा, बच्चों और महिलाओं के पोषण से जुड़ी सामग्री की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समिति को भौतिक जांच और गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ संदेहास्पद नमूनों को प्रयोगशाला में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने का भी निर्देश दिया गया है. यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही पोषण सामग्री पूरी तरह सुरक्षित और मानकों के अनुरूप हो।

जांच समिति को 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसके आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

जांच समिति में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ किए गए शामिल

संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय अध्यक्ष
प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य
जीईसी रायपुर और निजी कंपनियों के तकनीकी विशेषज्ञ सदस्य
संबंधित जिलों के कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक संचालक, आईसीडीएस संयोजक

कौशल्या माता विहार में 40 अवैध कब्जे तोड़े गए, फार्म हाउस ध्वस्त

■ **जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर विकास प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन का संयुक्त अभियान**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम और पुलिस विभाग की मदद से कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार योजना) के सेक्टर 11-ए में अवैध रूप से कब्जा कर बनाए गए पक्के - कच्चे मकानों को तोड़ दिया। इसमें कुछ फार्म हाऊस भी बनाए गए थे। यहां के एक पक्के मकान में सीसीटीवी भी लगा पाया गया। यही नहीं अवैध कब्जा धारियों ने यहां जानवर भी पाले और सुरक्षा के लिए चौकीदार भी नियुक्त कर रखे थे।

कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के मार्गदर्शन, आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के सहयोग से सोमवार को प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार योजना का अवैध कब्जा हटाया गया। जिला प्रशासन के साथ नगर पालिक निगम के सभी जोन कार्यालय, पुलिस प्रशासन और रायपुर विकास प्राधिकरण के लगभग 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने आज जेसीबी बैकहो लोडर मशीन से अवैध कब्जों को तोड़ कर हटाया।

कौशल्या माता विहार योजना के सेक्टर 11-ए के सिटी पार्क और 18 मीटर चौड़ी सड़क पर अवैध कब्जा किया गया था। प्राधिकरण प्रशासन व्दारा अवैध कब्जाधारियों को पहले कई बार नोटिस दिया गया था। पिछले सप्ताह उन्हें पुनः कब्जा हटाने के लिए कहा गया फिर भी कब्जा बरकरार रहा। इस पर आज संयुक्त रुप से प्राधिकरण ने हटाने की कार्रवाई की।

'अपना रक्तचाप सही से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबा जीवन जिएं'

■ **अम्बेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मना**

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मेडिसिन रोग विभाग में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की रोकथाम, पहचान और नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस वर्ष की थीम है। अपना रक्तचाप सही से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबा जीवन जिएं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. डी. पी. लकड़ा ने बताया कि उच्च रक्तचाप बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने लोगों को नियमित रक्तचाप जांच, स्वस्थ आहार, तनाव प्रबंधन और आवश्यकतानुसार दवा सेवन की सलाह दी। कई लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित रहते हैं लेकिन उनको इसकी जानकारी नहीं होती। जिनका रक्तचाप नियंत्रित नहीं है या फिर जो लोग उपचार नहीं ले रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप उनमें हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी फेल्योर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जीवनशैली में सुधार जैसे - नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहारः फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम सोडियम वाले खाद्य पदार्थों का सेवन, धूम्रपान और शराब से परहेज, तनाव प्रबंधन इत्यादि के माध्यम से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2025 हमें यह याद दिलाता है कि नियमित रक्तचाप जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम इस बीमारी से बच सकते हैं। समय रहते जागरूकता और उचित कदम उठाकर हम अपने और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

विभाग के पोस्ट ग्रेजुएट रेजीडेंट द्वारा लोगों की रक्तचाप जांच, जीवनशैली परामर्श और प्रश्न-उत्तर के माध्यम से स्ट्रोक, दिल का दौरा और किडनी फेल्योर जैसी जटिलताओं को रोकने में नियमित जांच, प्रारंभिक निदान और दवा के सेवन के महत्व पर जोर दिया। नमक का सेवन कम करना, नियमित शारीरिक गतिविधि और तनाव प्रबंधन जैसी स्वस्थ आदतों को सुदृढ़ करने के लिए पोस्टर प्रदर्शित किए गए।

रॉयल पब्लिक स्कूल ने रचा शैक्षणिक कीर्तिमान

■ **दसवीं में 100% सफलता, बारहवीं में प्रथम श्रेणी की शानदार प्रस्तुति**

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रॉयल पब्लिक स्कूल, छौरसिया कॉलोनी, ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं सत्र 2024-25 में एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया प्रतिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने जहां कक्षा 10 में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया, वहीं कक्षा 12 के विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक परंपरा को सशक्त आधार प्रदान किया।

कक्षा 10वीं में नबीला खान ने 89.66% अंकों के साथ विद्यालय की टोपर बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीं इकरा फातिमा ने 89% अंक प्राप्त कर निकटतम स्थान अर्जित किया। इनके अतिरिक्त मदीहा सय्यदा (84.66%), शेख अज़हान (81.16%), कमेश सोनी (78.66%) तथा मोहम्मद अयान हलदर (71.33%) जैसे होनहार विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय के गौरव में वृद्धि की। कुल मिलाकर 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 3 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जो विद्यालय की अनुशासित शैक्षणिक संस्कृति और अध्यापन प्रणाली का प्रमाण है।कक्षा 12 में भी विद्यालय ने अपनी निरंतरता को कायम रखते हुए विज्ञान एवं वाणिज्य दोनों ही संकायों में शानदार परिणाम दिए। आयशा खान, फ़ज़ेला परवीन, और सलमान रज़ा ने अपने-अपने विषयों में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। यह प्रदर्शन विद्यालय की सर्वांगीण शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की प्रभावशीलता को दर्शाता है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहसिन उस्मानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, ÷यह केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की निरंतर साधना, अनुशासन और आत्मबल का प्रतिफल है। इस सफलता के पीछे अध्यापकगण की अथक मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और छात्रों का दृढ़ निश्चय समाहित है। हम समस्त विद्यार्थियों और उनके परिवारों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। रॉयल पब्लिक स्कूल ने इस बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह न केवल अंकों में, बल्कि शैक्षणिक मूल्य और नैतिकता में भी प्रदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में स्थान रखता है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है. यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा। जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है.महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन httpsÑ//awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे.

शराब घोटाला

जमानत के बाद भी नहीं रिहा हो सकेंगे अनवर ढेबर

अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए प्रमुख आरोपी अनवर ढेबर को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज ईसीआईआर (ECIR) के तहत अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। याचिकाकर्ता ढेबर के वकील अर्शदीप सिंह खुराना ने अदालत में तर्क दिया कि पहले की ईसीआईआर के तहत अनवर ढेबर पहले ही 80 दिनों की हिरासत पूरी कर चुके हैं। वर्तमान ईसीआईआर के तहत उन्हें 8 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था और अब तक 3 पूरक शिकायतें दायर की जा चुकी हैं, जिनमें 40 गवाहों का हवाला दिया गया है, और जांच अब भी जारी है ACB और EOW द्वारा दर्ज समानांतर मामले में 450 गवाह हैं, लेकिन अब तक किसी आरोप पर संज्ञान नहीं लिया गया है। लिहाजा, निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना नगण्य है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया यह फैसला–न्यायालय ने यह भी माना कि इस अपराध की अधिकतम सजा 7 वर्ष है और 'सेंथिल बालाजी बनाम उप निदेशक' के फैसले के अनुरूप यह मामला जमानत के योग्य बनता है। अदालत ने आदेश दिया कि अपीलकर्ता एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष प्रस्तुत हों, और प्रवर्तन निदेशालय की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें कठोर शर्तों के साथ जमानत पर रिहा किया जाए।

ACB ने 17 मई को 13 अलग-अलग स्थानों पर की छापेमारी–छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित आबकारी घोटाले की जांच अब और तेज हो गई है। भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो (ACB) ने 17 मई को एक अहम कदम उठाते हुए रायपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में 13 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

यह कार्रवाई पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की कथित संलिप्तता के बाद की गई है ACB के अनुसार, जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन मंत्री लखमा ने आबकारी सिंडिकेट सदस्यों के साथ मिलकर खुद और उनके सहयोगियों को अवैध आर्थिक लाभ पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लखमा ने काले धन को अपने नजदीकी रिश्तेदारों, दोस्तों और साझेदारों के माध्यम से छिपाया और उसका निवेश भी करवाया।

न्यूज गैलरी

प्री बीएड डीएलएड प्रवेश परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्षों को किया गया प्रशिक्षित

कोंडागांव/ नवप्रदेश। आगामी 22 मई को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्री. बीएड एवं प्री. डीएलएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शनिवार को अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर की उपस्थिति में जिला कार्यालय के प्रथम तल के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्षों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो की 22 मई को प्री. बीएड एवं प्री. डीएल इडी के प्रवेश परीक्षा को दो पालियों में आयोजित की जायेगी जिसमें प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, वहीं द्वितीय पाली में प्री. डीएलएड अपरान्ह 02 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित होगी।प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर ने प्रवेश परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने एवं नियमों का पालन करने तथा परीक्षा केंद्रों की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर प्रभारी की नियुक्ति, प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र व पहचान पत्र की अच्छी तरह जॉच एवं मुख्य द्वार पर परीक्षा केन्द्र क्रमांक नाम और परीक्षा का नाम बड़े अक्षरों में लिखवाने के निर्देश दिए। जिले में आयोजित प्री. बीएड परीक्षा के लिए 13 केंद्र बनाया गया है और इस परीक्षा में 3323 परीक्षार्थी शामिल होंगे एवं प्री. डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए 21 परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें 4936 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में 10 बजे से 12:15 तक और 2 बजे से 04:15 बाद प्रवेश पूर्णत वर्जित रहेगी। परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली में 10 बजे के बाद और द्वितीय पाली में 2 बजे के बाद प्रवेश पूर्णत वर्जित रहेगा । परीक्षार्थियों को व्यापम के दिए निर्देशों का पालन करना होगा। परीक्षार्थियों को व्यापम के दिए निर्देशों का पालन करना होगा। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सभी केंद्राध्यक्ष और आब्जर्वर उपस्थित रहे।

कोंडागांव मुर्गा बाजार के पास झाड़ियों में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

कोंडागांव। जिला मुख्यालय अंतर्गत स्थानीय मुर्गा बाजार के पास झाड़ियों में आज रविवार की शाम लगभग 4:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध हालत में लाश पाई गई है। लाश मिलने की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल छा गया है। सूत्रों के मुताबिक मुर्गा बाजार गए कुछ लोगों ने इस लाश को देखा जिसके बाद घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दे गई है। फिलहाल मृतक की पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी है मृतक हरे रंग का टी शर्ट और नीले रंग का लोयर पहना हुआ है।फ़िलहाल मृतक की पहचान नही हो सकी है।

सुशासन तिहार : ग्राम लखनपुरी में समाधान शिविर 20 मई को

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 20 मई को जनपद पंचायत चारामा के क्लस्टर लखनपुरी अंतर्गत ग्राम लखनपुरी, कानापोड़, पिपरौद, तेलगरा, खैरखेड़ा, बासनवाही, चिनौरी, उड़कुड़ा, मैनपुर और गोटीटोला के ग्रामीण सम्मिलित होंगे।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक इलाज को तरसा, हेल्थ सेंटर बंद, सीएमएचओ ने फोन तक नहीं उठाया

कोंडागांव/ नवप्रदेश। जिले के स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर लापरवाही रविवार को उस समय सामने आई जब नेशनल हाईवे-30 पर दहीकोंगा चौक में कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में एक युवक घायल हो गया, लेकिन इलाज के लिए पहुंचने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर या स्टाफ मौजूद नहीं था।

घटना सोमवार की दोपहर करीब 2:30 बजे की है। बड़े कनेरा डोंगरीपारा निवासी जागेश्वर

नामक युवक इस सड़क हादसे में घायल हो गया था। उसे तुरंत ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर दहीकोंगा पहुंचाया गया। लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर था, न ही कोई स्वास्थ्य कर्मी। मजबूरी में ग्रामीणों ने तत्काल सीएमएचओ को फोन किया, ताकि उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जा सके। लेकिन हैरानी की बात हैं कि सीएमएचओ ने फोन तक रिसीव नहीं किया।

स्थिति को देखते हुए सरपंच प्रेम नेताम और हेम भोयर ने पुलिस से मदद मांगी और घायल युवक को पुलिस वाहन से जिला अस्पताल कोण्डागांव भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत उजागर कर दी है। जब जिला मुख्यालय से महज 12 किमी दूर के नेशनल हाईवे 30 पर स्थिति यह है कि कोई चिकित्सकीय सुविधा मौजूद नहीं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुर्गम और अंदरूनी इलाकों के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की क्या स्थिति होगी। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और वे स्वास्थ्य तंत्र की निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

कुडेली में आबकारी विभाग की कार्रवाई, शराब जब्त

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी वृत बैकुंठपुर की टीम ने ग्राम कुडेली, जिला कोरिया में दबिश देकर 8 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की है। यह शराब सत्यनारायण पिता रूपसाय के कब्जे से बरामद की गई।जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।इस कार्रवाई का नेतृत्व वृत प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सपना सिन्हा ने किया। साथ में आबकारी उप निरीक्षक आनंद राम भोई, मुख्य आरक्षक किसुन राम, बबुआ राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े एवं महिला नगर सैनिक रुमा ने सराहनीय भूमिका निभाई।

क्रेडा की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

■ **सोलर पेयजल परियोजनाओं की समग्र प्रक्रिया कार्यशील होने पर ही होगी कार्य पूर्णता मान्य : कलेक्टर**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की फ्लैगशिप योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, डीएमएफ मद से संचालित सौर पेयजल परियोजनाएं, स्वास्थ्य केंद्रों हेतु सोलर पावर प्लांट स्थापना, सोलर हाईमास्ट, ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट, सोलर स्ट्रीट लाइट, होम लाइट और हितग्राही एवं सामुदायिक मूलक बायोगैस सयंत्र स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर दुदावत ने स्पष्ट निर्देश

देते हुए कहा कि किसी भी परियोजना को तभी पूर्ण माना जाएगा जब टैंक निर्माण से लेकर पाइपलाइन और नल कनेक्शन तक की संपूर्ण प्रणाली कार्यशील हो।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन एवं सौर सुजला योजना जैसे शासन की प्राथमिक योजनाओं को पूरी प्राथमिकता देते हुए चिन्हित ग्रामों के हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारण कर शासन स्तर पर भेजा जाए।

उन्होंने निर्माणाधीन सोलर स्ट्रक्चर एवं फाउंडेशन आधारित कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया और कहा कि कार्यदायी एजेंसियों की नियमित बैठक लेकर उनके कार्यों की सतत निगरानी विभाग प्रमुखों द्वारा सुनिश्चित की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम मूलेर अन्तर्गत 6 नग, बासनपुर 01, कामालूर 01, झिरका 01 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही इन सभी ग्रामों में दो-दो हाईमास्ट संयंत्र लगाए जा चुके है। इसके अलावा डीएमएफ मद अन्तर्गत पेयजल, स्वास्थ्य, सोलर हाईमास्ट, सोलर ऑन ग्रिड, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर होम लाइट के लक्षित 96 कार्यों में से 34 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है। इस समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री निखिल कंवर, अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण से इंदुभूषण साहू, रविकांत भारद्वाज तथा प्रकाश सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करने को कहा।

विधायक की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 146 हैंडपंपों की मरम्मत

पेयजल संकट दूर करने की हुई पहल

कोंडागांव/ नवप्रदेश। गर्मी के प्रकोप के चलते जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को देखते हुए नारायणपुर के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री केदार कश्यप की पहल पर स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि लोगों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

पीएचई विभाग ने तत्परता दिखाते हुए एक विशेष टीम गठित की है, जिले के बीहड़ व दुरस्त क्षेत्र के 37 पंचायतों के 146 हैंडपंपों को सुधार कर पुनः चालू कर दिया है। यह कार्य जिले के कुधुर, तुमड़ीवाल, परोड़ा, कडेनार, पेरमापाल जैसे दूरस्थ और बीहड़ क्षेत्रों में तेज़ी से किया जा रहा है, जहां अधिक तर हेण्ड पम्प खराब के स्थिति में होने से गर्मी के मौसम में जल सकंट बन जाती है।हैंडपंप सुधार कार्यों में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी स्वयं ग्रामों में जाकर, तकनीकी टीम के साथ मशीनी मरम्मत कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना की है और कहा कि यह राहत कार्य उनके लिए बड़ी राहत लेकर आया है। जल संकट से निपटने के लिए यह पहल आने वाले दिनों में अन्य पंचायतों में भी जारी रहेगी, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। विभागीय सूत्रों के अनुसार, आगे और 50 पंचायतों में काम की योजना बनाई जा रही है। यह अभियान न केवल गर्मी में राहत देने वाला है, बल्कि सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता का भी परिचायक है।

देवभूमि सेमरगांव में पेन माझी स्व. सुकालू सलाम की मूर्ति का हुआ अनावरण

■ **अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम हुए शामिल**

अंतागढ़ /नवप्रदेश। अंतागढ़ से 20 किलोमीटर दूर ग्राम सेमरगांव परगना आमाबेड़ा में सोमवार को ग्राम सेमरगांव देव भूमि (लिगो चौक) में सर्वसमाज परगना आमाबेडा के दवारा शाहिद विंडो माझी उर्फ सुकालू सलाम पेन माझी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधानसभा के विधायक विक्रम देव उसेण्डी कार्यक्रम के विशेष अतिथि नीलकंठ टेकाम विधायक विधानसभा क्षेत्र केशकाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर किरण नरेटी जिला पंचायत सदस्य गुप्तेश उसेंडी जनपद पंचायत अध्यक्ष अंतागढ़ मनोरमा मांडवी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुबल भूसाखर्रे की गरिमामयी उपस्थित में किया गया! सबसे पहले लिंगों धाम पूजा अर्चना कर विंडो मांझी सुकालू सलाम के मूर्ति का अनावरण किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा विंडो मांझी सुकालू सलाम के बारे में बताया गया। इस अवसर पर परगना माझी चंदन हिंडको पेन मांझी मनहेर सलाम अध्यक्ष लिंगो ट्रस्ट समिति सुकूकोरेटी संरक्षक लिंगो ट्रस्ट समिति राम सिंह हिड़को, सरपंच ग्राम पंचायत बड़े पिंजोरी दिलीप हुर्रा, गायता सेमरगांव बिसाऊ ध्रुवा, ग्राम पटेल सेमरगांव गांव विक्रम कोरेटी, अध्यक्ष सर्व समाज परगना आमाबेडा. भाजपा मंडल अध्यक्ष आमाबेडा मनोहर यादव बड़ी संख्या में महिला पुरुष तथा आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

संग्रहालय शिक्षा और अनुसंधान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर जिले के कलेक्टर डी राहुल वेंकट के निर्देश पर डॉ विनोद पांडेय जिला नोडल अधिकारी पुरातत्व/ पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं समन्यक/ सदस्य जिला पुरातत्व संघ एमसीबी छत्तीसगढ़ शासन पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक 16 से 18 मई तक महंत घसीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के थीम पर 'संग्रहालय, शिक्षा और अनुसंधान' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ संजीब कुमार सिंह डायरेक्टर एवं कंसलटेंट अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या, अध्यक्षता नंदन शास्त्री फार्मर क्यूरेटर सरदार पटेल विश्वविद्यालय गुजरात एवं मुख्य वक्ता डॉ.पीयूष रंजन साहू आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया उप क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर, डॉ. उमाकांत मिश्रा, प्रोफेसर विवेक शाह विश्वविद्यालय उड़ीसा, प्रोफेसर एल.एस निगम पूर्व कुलपति एस.एस पी विश्वविद्यालय दुर्ग आदि।

कुसमा गांव के वार्षिक मेले में बेकाबू हुआ विवाद व्यापारियों को मारपीट कर किया लहूलुहान

कोण्डागांव/नवप्रदेश।। विकास खंड कोंडागांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमा गांव में 17 मई की रात आयोजित वार्षिक मेले में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया, जब कुछ स्थानीय युवकों और व्यापारियों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक रूप ले बैठा। घटना में चार व्यापारी घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 17 और 18 मई की दरमियानी रात की है, जब मेले में लगे जूता-चप्पल और मिठाई की दुकानों पर कुछ युवक पहुंचे और अचानक विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद व्यापारियों पर हमला करते हुए लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उन्हें लहूलुहान कर दिया गया। पीड़ितों में जूता-चप्पल व्यापारी पराऊ नेताम (45) और उनका बेटा विश्वनाथ नेताम (18), मिठाई दुकानदार श्रवण नेताम (28) और संतोष नेताम (25)

सभी निवासी कुम्हार बढ़गांव (लजोड़ा) शामिल हैं। चारों को गंभीर चोटों के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने मारपीट कर रहे युवकों में से एक युवक गोलू कुर्रे (23) निवासी कुसमा को पकड़ लिया हैं, इस हिंसक झड़प में गोलू कुर्रे भी लहूलुहान होकर घायल हुआ है। वहीं, गोलू कुर्रे का दावा है कि वह अपने साथियों के साथ मेला घूम रहा था, जहां व्यापारियों द्वारा उनके साथ उलझकर मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। ग्रामीणों और मेले में आए अन्य दुकानदारों के अनुसार, इस प्रकार की घटना ने मेले की शांति को भंग किया और इससे भविष्य में व्यापारियों की भागीदारी पर भी असर पड़ सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। अस्पताल में भर्ती घायल व्यापारियों की हालत स्थिर बताई जा रही है। यदि यह घटना और बढ़ जाती तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था।

पेज 1 का शेष

महुआ पेड़ की छांव में विष्णुदेव ...

जब मुख्यमंत्री की नजर ओवरफ्लो हो रही पानी टंकी पर पड़ी

चौपाल के दौरान जब मुख्यमंत्री की नजर ओवरफ्लो हो रही पानी टंकी पर पड़ी, तो उन्होंने पानी की बर्बादी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई विभाग के सब इंजीनियर को फटकारते हुए कहा कि या तो काम करो, या सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। जनसंवाद के दौरान महिलाओं ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से स्व-सहायता समूह बनाकर जैविक खेती कर रही हैं और स्थानीय मंडियों में सब्जियाँ बेचकर आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट से उगाई गई लाल भाजी भी मुख्यमंत्री को भेंट की।

आपने देश को शर्मसार...

मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील मुद्दे पर मंत्री के गैर-जिम्मेदाराना बयान ने न केवल सैन्य बलों का अपमान किया है, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ठेस पहुंचाई है।

'पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए' : शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मंगलवार सुबह 10 बजे तक आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को कहा है। इस दल में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी। यह दल मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज एफआईआर की जांच करेगा। पीठ ने कहा कि एसआईटी की ओर से पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने भी जमकर फटकारा

बीते गुरुवार को विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण पहुंचे और एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन शाह को यहां भी फटकार ही पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप सवैधानिक पद हैं, आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर कें कंटेंट को लेकर भी फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआईआर की भाषा ऐसी लिखी गई है जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से एफआईआर में सुधार करने और पुलिलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा किए जाने के भी आदेश दिए।

दो बार माफी मांगी, नहीं ...

मन की स्थिति में कुछ शब्द गलत निकल गए, जिससे वह व्यथित और शर्मिंदा हैं। मंत्री के दो बार माफी मांगने के बाद भी यह मामला शांत नहीं हुआ है।

हमले की पहले सूचना...

अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है। श्री

शाही जामा मस्जिद विवाद...

के अंतिम अवतार 'कल्कि' को समर्पित था। अदालत ने मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था।इस आदेश के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को मस्जिद कमेटी को हाईकोर्ट जाने का निर्देश देते हुए दो सप्ताह के भीतर राज्य सरकार की स्टेटस रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विवादित कुआं मस्जिद परिसर से बाहर स्थित है।

हाईकोर्ट की...

के फैसले के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि मामला संभल जिला अदालत में ही चलेगा और वहां सर्वे प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

भारत कोई धर्मशाला...

था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है।

यह है मामला...

कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

नये वक्फ कानून के ...

है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फसंपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है जब बोर्ड की मंजूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फविकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता।

श्री क़ुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ग्राम ठेलकाबोड़ तहसील कांकेर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक प्रमोद कुमार सिंह पिता स्व. राम निहोर कुशवाहा, जाति कुशवाहा, निवासी ग्राम ठेलकाबोड़, तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम ठेलकाबोड़, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 96/6 रकबा 0.0410 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03/05/2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202505140400026/ अ-6/ 2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रम्हानंद जवरानी पिता किशनचंद जवरानी जाति क्षत्रिय(सिंधी) उम्र 45 वर्ष, निवासी गांझापारा कांकेर द्वारा पेश आवेदन पत्र वास्ते विक्रय विलेख के अनुसार वाद भूमि मोहल्ला मांझापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12बी, प्लाट नं. 103/8 में से क्षेत्रफल 44 वर्गमीटर वार्षिक भू भाटक 15.76 रु. एवं शीट नं. 12 बी, प्लाट नं. 103/12 में से क्षेत्रफल 48 व.मी. भू भाटक 18.48 रु. जो कि पंकज आहूजा पिता श्यामलाल आहूजा नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है, को राशि बयालीस लाख रुपया में क्रय कर विक्रय पत्र दिनांक 06.02.2025 के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता पकंज आहूजा का नाम विलोपित तक अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज कराए जाने हेतु भूमि मेंटनेन्स खसरा, विक्रय बैनामा की छायाप्रति आधार कार्ड के साथ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण शीर्ष-अ-6 में दर्ज कर प्रक्रियाधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्याायलयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मो. 9131035616

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/AHP/W/T-111/25/1468 Marwa, dtd.16-05-25

NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-70/2025: -

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

S. No.	Tender Specification No.	Rfx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/Time of submission of bid.	Tender Fee	EMD
01.	15-06/ S&P/ EE-V/Store/W/ T-111/25	8100043164	Work Contract for availing services of Crane/ Hydra Operator with helper at store division ABVTPS, CSPGCL, Janjgir- Champa.	12.06.2025 15:30 Hrs	Rs. 590/- (Rs.500/- + GST @18%)	Rs. 9610/-

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only. S.-43893/2

Superintending Engineer (CONTRACT)
O/o the Addl. Chief Engineer (s&p)
ABVTPS,CSPGCL, JANJGIR-CHAMPA

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

TENDER NOTICE NO.-3073/25

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

S. No	Tender Specification No.	RFX No. of E-Tender	Particulars	Qty.	Last date & time of bid submission	E.M.D. (Rs.)	Tender Cost
01	16-06/ DSPM TPS/S&P/EMD/ W/ T-3154/25	8100043247	Work Contract for "Repair and Replacement work on 11 KV HT Overhead AWRS line from DSPM plant to Godhi Pump House under jurisdiction of DSPM TPS, CSPGCL, Korba East".	As per Tender Schedule	12.06.2025 15:30 Hrs	Rs.14,808/-	590/- (including GST@ 18%)

For More detail, please visit our website at: -**https://www. cspc.co.in**. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only. S.-43891/2

SUPRINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

SAVE ELECTRICITY

न्यूज गैलरी

सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर / नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। नरहरपुर तहसील के ग्राम डुमरपानी निवासी कुंतीबाई पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित श्रीराम पटेल को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

मिट्टी के बने नाली संबंधित प्रकाशित खबर का कार्यपालन अभियंता ने किया खंडन

बलरामपुर/नवप्रदेश। कुछ समाचार पत्रों, चौनलों, पोर्टलों में पीएमजीएसवाई ने बना दिया मिट्टी का नाली सबंधित खबर प्रकाशित की गई इस संबंध में कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई ने जानकारी देते हुए बताया है कि चान्दो चटनियां से सबाग पहुंच मार्ग रोड जिसमें नाली निर्माणाधीन है। उक्त निर्माणाधीन नाली का फर्मा खुलने के बाद निरीक्षण उप अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा 14 मई 2025 को किया गया था, जिसमें 30 मीटर नाली की गुणवत्ता संतोष जनक नहीं पाये जाने पर उसे तोड़ कर पुनः बनाने का निर्देश उक्त अधिकारियों द्वारा दिया गया था। जिसके पश्चात ठेकेदार द्वारा 14 मई 2025 को ही नाली को तोड़ दिया गया था। संबंधित विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्रकाशित खबर में पुराने फोटो एंव वीडियो का उपयोग करते हुए बिना तथ्यात्मक जांच परख के जिला प्रशासन एवं विभाग की छवि धूमिल करने की नियत से 19 मई 2025 को प्रकाशित की गई है।इस संबंध में समाचार माध्यमों में प्रकाशित खबर का कार्यपालन अभियंता ने खंडन किया है।

स्वामित्व योजना : ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल

कोरिया/नवप्रदेश।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ में स्वामित्व योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम अकलासरई में शनिवार को सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में चार पात्र ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए।इस अवसर पर कोरिया की कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि स्वामित्व योजना केवल भूमि के कागजी स्वामित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को आत्मनिर्भरता, स्थिरता और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से भूमि सीमाओं का स्पष्ट निर्धारण होगा जिससे भू-संबंधी विवादों में कमी आएगी और कानूनी स्वामित्व का प्रमाण भी मिलेगा।समाधान शिविर में ग्राम केवराबहरा की फूलमत, सुखमन, ग्राम सलगंवा कला के संदीप कुमार एवं पूर्णिमा देवी को स्वामित्व अधिकार कार्ड सौंपे गए। कलेक्टर ने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्ड अब उन्हें न केवल मालिकाना हक देंगे, बल्कि बैंक लोन जैसी सुविधाओं तक भी पहुंच आसान बनाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार भूमि संबंधित मामलों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही है। जिससे ग्राम पंचायतों को उच्च- रिज़ॉल्यूशन डिजिटल मानचित्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह न केवल भू-अभिलेखों को पारदर्शी बनाएगा, बल्कि गांवों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी ढांचे के विकास को भी गति देगा।उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए सुगम एप्स विकसित किया गया है और दस्तावेजों के डिजिटलीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधिगण, सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पालनार में चढ़ा क्रिकेट का जुनून, खिलाड़ियों संग मैदान में उतरे वित्त मंत्री ओपी चौधरी

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पालनार में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की स्मृति में आजाद युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में इस बार उत्साह का अलग ही नज़ारा देखने को मिला। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वयं आयोजन स्थल पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए मैदान में उतरकर क्रिकेट खेला।

खिलाड़ियों के बीच अचानक पहुंचे मंत्री को देखकर युवाओं में जोश और उत्साह दोगुना हो गया। सभी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री चौधरी ने खिलाड़ियों के साथ कुछ देर बल्लेबाज़ी कर प्रतियोगिता का आनंद उठाया।

खेलों को संजीवनी दे रहा नेतृत्व : यह भी उल्लेखनीय है कि पालनार जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी का गृह ग्राम है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार खेल गतिविधियां होती रही हैं। क्रिकेट,कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो जैसे पारंपरिक और लोकप्रिय खेलों को प्रोत्साहन देने का काम वे लगातार करते आ रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल युवाओं को मंच मिला है, बल्कि पूरे जिले में खेलों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

हरसंभव सहयोग का भरोसा

मंत्री चौधरी ने टूर्नामेंट को सफल बनाने हेतु आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करते हैं।

24 टीमों की टक्कर, आकर्षक पुरस्कार

इस टूर्नामेंट में जिले भर की कुल 24 टीमों ने भाग लिया है, जिससे प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा रहा। विजेता टीम को 51,000, उपविजेता को 31,000, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15,000 की नगद राशि के साथ-साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रॉफी, मेडल और व्यक्तिगत सम्मान भी रखे गए हैं, जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सरपंच राहुल वेट्टी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदौरिया, जनपद सदस्य रामू नेताम,उपसरपंच विप्लेश सिंहा, उदयचंद्र सिंहा,कुलदीप ठाकुर, साजन, बामन कश्यप, पवन मुड़ामी, गोविंद सिंहा,संजू यादव, रामकुमार मुड़ामी, जगदीश नेताम और पंकज नेताम, राहुल मुड़ामी, राजू सिन्हा, चंदू सिंहा, लखमू सिन्हा, गोपाल, लालासहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और युवा मौजूद रहे।

कलेक्टर रहते भी खेलों को देते रहे हैं बढ़ावा

गौरतलब है कि ओपी चौधरी दंतेवाड़ा में पहले कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ दूरस्थ व अंदरुनी गांवों के युवाओं को खेलों से जोड़ने का विशेष प्रयास किया। उनकी पहल पर कई गांवों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं, जिससे युवा मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बने रहें। आज उन्हीं के कार्यकाल के कई युवा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल हुए, जिनसे मुलाकात कर चौधरी भावुक हो उठे। उन्होंने खिलाड़ियों को गले लगाकर उनकी पीठ थपथपाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्य सड़क के किनारे नाली का निर्माण किए जाने का विरोध

नेशनल हाईवे पर नाली निर्माण की शिकायत को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

जांच की मांग

कांकेर /नवप्रदेश। शहर के मस्जिद चौक क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे आरसीसी नाली निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियम विरुद्ध तरीके से सड़क के बिल्कुल सटे नाली बनाने का आरोप लगाते हुए कार्य को रोकने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, नगरपालिका कांकेर द्वारा मुख्य सड़क के किनारे नाली का निर्माण किया जा रहा है। जबकि पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे ऑफ अथॉरिटी की गाइडलाइन के अनुसार, किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य सड़क के मध्य से कम से कम 9 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। यह निर्माण न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि नागरिक सुविधाओं और सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

स्थानीय पार्षदों के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गड्ढे में से गुजरने वाली शहर की प्रमुख पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे माझापारा और सुभाष वार्ड

जैसे इलाकों में जल आपूर्ति बाधित हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इससे आम नागरिका को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सड़क और दुकानों के बीच लगभग 10 से 15 फीट की शासकीय भूमि मौजूद है। जिस पर नाली का निर्माण किया जा सकता था। परंतु, उक्त भूमि को छोड़कर सड़क के सटीक किनारे पर नाली बनाई जा रही है। जिससे यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि कुछ व्यवसायियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से यह निर्णय लिया गया है। क्षेत्रीय पार्षदों का मानना है कि यह निर्माण कार्य शहर के मुख्य मार्ग की चौड़ाई को सीमित कर देगा, जिससे आने वाले समय में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। मस्जिद चौक जैसे संवेदनशील और व्यस्त चौराहे पर सड़क की संकीर्णता ट्रैफिक जाम और यातायात की अव्यवस्था को बढ़ा सकती है। इस पूरे मामले को लेकर नगरपालिका के विपक्षी पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर नाली को रिक्त शासकीय भूमि पर शिफ्ट किए जाने की मांग की है। पार्षद प्रकाश देवांगन, अजय सिंह रेणु, दीपक शोरी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने इसे जनहित का मुद्दा बताते हुए जल्द निर्णय लेने की अपील की है।नगर प्रशासन की ओर से इस विषय पर अब तक कोई औपचारिक बयान नहीं आया है, लेकिन लगातार बढ़ रहे जनविरोध और तकनीकी त्रुटियों को देखते हुए प्रशासन को शीघ्र निर्णय लेना अपरिहार्य हो गया है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु 10 जून तक आवेदन आमंत्रित

कांकेर /नवप्रदेश। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना करने 10 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है, इसके लिए एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक के ऋण के रूप में देय होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों को लाभ प्रदान किया जायेगा जैसे- सीताफल से आईसक्रीम निर्माण, इमली कैण्डी, इमली पर आधारित उत्पाद, मुरमुरा निर्माण, पोहा उद्योग, आचार निर्माण, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, बड़ी, पापड़, रेडी टू ईट, टमाटर पर आधारित उत्पाद जैसे टमाटर चटनी, सॉस, फलों से मुरब्बा, जूस निर्माण, मक्का प्रोसेसिंग, मक्का फ्लेक्स, पॉप कार्न, गेहूं, बाजरा, कोदो-कुटकी आधारित उत्पाद, महुआ प्रसंस्करण, महुआ लड्डू एवं बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे- केक, बिस्किट, ब्रेड, चॉकलेट, सेवइयां,इत्यादि प्रकार के उद्योग स्थापना पर लाभ प्रदान किया जायेगा। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पैन कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन अनिवार्य होगा। योजनांतर्गत जिले के राष्ट्रीयकृत बैंकों को लक्ष्य आबंटित किया है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक युवक-युवतियां वेबसाईट www.mofpi.nic.in का अवलोकन तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर (तृतीय तल) कांकेर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नाहकसा बांध और अंतागढ़ विकास को लेकर अंतागढ़ और केशकाल विधायक की चर्चा

सेमरगांव कार्यक्रम में दोनों विधायक हुए शामिल

अंतागढ़ /नवप्रदेश। दो दिन पहले 17 तारीख को नवप्रदेश समाचार पत्र में नाहकसा बांध को लेकर खबर प्रकाशित हुआ था जिसका असर देखने को मिला आज अंतागढ़ से महज 25 किलोमीटर दूर लिंगो धाम सेमर गांव में स्व सुकालू राम सरपे बिण्डो माझी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान अंतागढ़ विधानसभा के विधायक विक्रम उसेंडी तथा केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम द्वारा आमाबेड़ा रेस्ट हाउस में अंतागढ़ के विकास के सम्बंध में चर्चा कर अंतागढ़ से गड़दा रोड़ से कांकेर तक बनाने के साथ नाहकसा डेम पर गंभीर चर्चा दोनों विधायक के द्वारा किया गया वही अंतागढ़ विकास को लेकर भी चर्चा किया गया गौरतलब है कि 17 तारीख को नाहकसा डेम को लेकर नवप्रदेश समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुआ था जिसको संज्ञान में लेते हुए आज

आमाबेड़ा स्थित सेमरगांव में एक कार्यक्रम के दौरान अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम आमाबेड़ा स्थित वन विभाग विश्राम गृह में कुछ देर रुके जहां दोनों विधायक अंतागढ़ विकास को लेकर चर्चा की वही नाहकसा डेम को लेकर भी चर्चा हुई बता दे कि नाहकसा डेम बनने से किसानों के लिए वरदान साबित होगा क्योंकि कभी बारिश कम होने की वजह से किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पाते और फसल बर्बाद हो जाता है अगर नाहकसा डेम बन जाता है तो किसान अपने खेतों तक सिंचाई कर पाएंगे और फसल भी अच्छी होगी नाहकसा डेम बनने से हिमोड़ा पंचायत

आखिर कब बनेगा नहकसा बांध?, विधायक-सांसद से उम्मीद फिर एक बार

पोड़गांव पंचायत बड़ेतोपाल पंचायत अंतागढ़ नगर सहित आसपास को सीधा फायदा होगा हालांकि दोनों विधायक अगर गंभीर है तो जरूर नाहकसा बांध आने वाले वर्ष में बनना चालू हो जाएगा क्योंकि केशकाल विधायक का भी गृह निवास अंतागढ़ के हिमोड़ा है अब देखना होगा कि चर्चा कितना जोर पकड़ता है और काम कब होता है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन के दिए निर्देश

कोण्डागांव /नवप्रदेश। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने जिले के गर्भवती महिलाओं का समय एएनसी पंजीयन के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ माता और स्वस्थ शिशु हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।कलेक्टर ने जिले में स्टील बर्थ के अधिक मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि हाई-रिस्क

अवस्था वाले गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए मितानिनों की सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे मितानिनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें और हाई-रिस्क गर्भावस्थाओं की सटीक निगरानी सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में डिलिवरी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि जिला अस्पताल पर दबाव कम किया जा सके। जिन क्षेत्रों में प्रसव की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां आवश्यक भवन और स्टाफ की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

बलरामपुर /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में डेंगू दिवस मनाया गया। इस दौरान आम लोगों को डेंगू बीमारी के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 16 मई को डेंगू दिवस मनाया गया, इस अवसर पर लोगों के बीच डेंगू बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य डेंगू की रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देना है। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने बताया की गर्मी के बाद बारिश के मौसम में डेंगू के मरीजों में बढ़ोतरी होने की संभावना होती है, इस कारण इस बीमारी से सचेत रहना आवश्यक है। इसके लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जन जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जन जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को डेंगू बीमारी के बचाव के संबंध में जागरूकता लाया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू बीमारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पम्पलेट भी बांटा गया, ताकि लोग डेंगू के कारण एवं बचाव के बारे में भली-भांति समझ सकें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शरद चंद गुप्ता ने बताया की इस साल राष्ट्रीय डेंगू दिवस का थीम ''देखे, साफ करें, ढके डेंगू को हराने के उपाय करें'' इस बात में ही डेंगू से बचाव एवं जागरूकता का सार छिपा है।

सुशासन तिहार

ग्रामीणों को दी गई आवेदनों के निराकरण की जानकारी

ग्राम धनेसरा में हुआ जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन

कांकेर /नवप्रदेश। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम धनेसरा में आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नवीन आधार कार्ड पंजीयन, राशन कार्ड वितरण, मनरेगा जॉब कार्ड सहित कई योजनाओं से संबंधित दस्तावेजों का वितरण कर लाभान्वित किया गया।ग्राम धनेसरा में आज

आयोजित शिविर में उपस्थित जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक योजना आम जनता के कल्याण के लिए सरकार द्वारा बनाई जाती है और इसका लाभ लेने के लिए उन्हें अवश्य आगे आना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए आज जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया है तथा सभी ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ जरूर लेना चाहिए। आज आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीणों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 को मनरेगा जॉब कार्ड, 2 को किसान क्रेडिट कार्ड और 12 हितग्राहियों को किसान किताब वितरित की गई। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा 4 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म संपन्न की गई तथा 2 शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मौके पर छड़ी एवं 01 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदान की गई।

आशा और बदलाव का पर्व बना सुशासन तिहार

ट्राइसायकिल से बदली सीता महतो की ज़िंदगी

कांकेर /नवप्रदेश। विकासखंड कुसमी के ग्राम चांदो की रहने वाली सीता महतो एक साधारण किसान परिवार में हुआ, बचपन से ही शारीरिक अक्षमता से जूझ रही थी। उनके पिता खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते है, उसके घर में चार बहनें हैं ऐसे में शारीरिक अक्षमता और संसाधनों की कमी के कारण सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के चलते सीता को अपनी पढ़ाई तीसरी कक्षा के बाद

छोड़नी पड़ी थी। शारीरिक कठिनाइयों के चलते स्कूल तक पहुंचना उनके लिए लगभग असंभव हो गया था। शिक्षा से दूर होती सीता धीरे-धीरे घर तक सीमित हो गई, और उसका आत्मविश्वास भी कमजोर पड़ने लगा था। लेकिन सीता के जीवन में आशा की एक नई किरण तब जगी, जब सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्हें एक ट्राइसायकिल प्रदान की गई। ट्राइसायकिल मिलने के बाद सीता की जिंदगी में एक नया मोड़ आया। अब वह न सिर्फघर से स्कूल तक स्वतंत्र रूप से जा सकती हैं, उन्होंने फिर से पढ़ाई शुरू करने का निश्चय किया है। सुशासन तिहार से सीता का जीवन बदलने जा रहा है, ट्राइसिकल सीता के लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की सवारी बन गई है।

सीता की कहानी उन सभी के लिए प्रेरणा है, जो कभी हालातों से हार मानने की सोचते हैं। अब सीता फिर से पढ़ाई शुरू कर अपने सपनों को पूरा करेगी।

पंचायत में आयोजित समाधान शिविर सिर्फ औपचारिकता, 2 घंटे में शिविर का हुआ समापन

■ कोपरा में चुने हुए जनप्रतिनिधियों की कार्य शैली पर जनता की नाराजगी

कोपरा नवापारा। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत कोपरा के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जो सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए लगाया गया। नगर पंचायत द्वारा नगर में आयोजित शिविर के ही दिन सुबह मुनादी कराया गया। शिविर को लेकर नगर अध्यक्ष रूपनारायण साहू के द्वारा भी नगर में कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया। लोगों को जानकारी अभाव होने के कारण भी शिविर में नहीं पहुंच सकें।समाधान शिविर लगभग 12 बजे शुरू हुआ, जो लोगों की भीड़ कम होने के कारण मात्र 2 घंटे में समाप्त कर दिया गया। शिविर में जो भीड़ दिख रही हैं वह अधिकारी कर्मचारियों की भीड़ हैं। शिविर में पहुंचे अधिकारियों द्वारा लोगों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों के निराकरण के स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 6 किसानों को धान बीज, 2 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को मच्छरदानी, 4 को आयुष्मान कार्ड व 2 टीबी मरीज को पोषण आहार किट, समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को

व्हीलचेयर वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 3 नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। आयोजित शिविर में वर्तमान गर्मी को देखते हुए पंखे कूलर का पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया था। जिसके कारण उमस भरी गर्मी में समाधान शिविर में पहुंचे नगर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वही, शिविर के दौरान ही लाइट बंद हो जाने से शिविर में पहुंचे लोग एक-एक करके शिविर से निकलते गए। जिससे शिविर में नगर के लोगों की भीड़ काफी कम रही। वही, समाधान शिविर प्रारंभ होने के पूर्व भारतीय सेना द्वारा चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में तिरंगा रैली निकाला गया। जो गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर की गलियों से होते हुए समाधान शिविर स्थल तक पहुंचा। इस अवसर पर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा नगर में 2 टैंकर देने की घोषणा किया है, जो कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, मुन्नालाल देवदास, विक्रम साहू, नंदराज बंशे, जेठू ध्रुव, शशिकला साहू, तारिणी सेन, दामिनी साहू, थानेश्वर साहू, कौशल साहू,कुछ वार्ड पार्षद भी शिविर में नहीं दिखे जनता पार्षद को मूल भूत सुविधा के लिए घुंघती रहीं। ये भी नगर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

न्यूज गैलरी

खरोरा में निकाली गई तिरंगा यात्रा,जवानों को किया नमन

खरोरा/नवप्रदेश। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस साहस, शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तान को नाकों चने चबवाया, उससे पूरे देश में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। सेना की इस सफलता पर गनगर पंचायत खरोरा सहित अंचल के कई गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। खरोरा में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल,जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।वक्ताओं व लोगों ने सेना को सलाम करते हुए कहा कि हमारे सैनिकों ने ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को जिस प्रकार तहस-नहस किया है उसे वह जीवन भर याद रखेगा। रैलियों में राइस मिल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सूरज सोनी , उपाध्यक्ष सुमित सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरीलालसिंह ठाकुर, ,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, गुलाब टिकरीया,पार्षदगण,भाजपा मंडल अध्यक्ष ओर कार्यकर्ता, तोरण ठाकुर,विकास ठाकुर,राहुल मरकाम,जयप्रकाश वर्मा,तेजराम पाल व अन्य मौजूद रहे ।

ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुगली में तिरंगा यात्रा किया गया, साथ ही जय जवान जय किसान का नारा लगाया गया। इस मौके सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम बुथ अध्यक्ष आशाराम ओटी आई.टी. सेल प्रभारी भाजपा मंडल कुकरेल वरुण देव नेताम वार्ड पंच उषा वर्मा नरेंद्र रजक गायत्री बाई गौरी बाई ध्रुव शिवा नेताम, सचिव बीरेंद साहू, लता मंडावी समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।।

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आश्रित ग्राम दुगलीपारा में आपरेशन सिंदूर के सफ्लता में तिरंगा यात्रा निकाली गई. यह यात्रा स्कूल से शुरू होकर पूरे गांव भ्रमण में निकली। यात्रा में नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों का उत्साह देखने लायक था। जम्मू कश्मीर के पहलगाव में हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा नागरिक शहिद हुए जिसका भारतीय सेना ने दुश्मन देश पाकिस्तान को करारा जवाब दिया.देश की सरहदों की सुरक्षा में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर÷ कर आतंकी ठिकानों में घुसकर सैन्य कार्यवाही कर उन्हें पस्त किया। इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया, इस ऐतिहासिक यात्रा में श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, दुर्गा दरो सरपंच,द्वारिका प्रसाद पंचायत सचिव,हिरदेश्वरी मरकाम,रामजी नेताम,गुलसन साहू,रमती कुंजाम,चंदेश्वरी शोरी,आशालता मरकाम, रोहणी शोरी, छनिता साहू,पुष्पा ध्रुव,लता चाणक्य, पूनम चतुर्वेदी, अमरिका ध्रुव,गीतांजलि यादव, चेलेश्वरी धृतलहरे, मनेश्वर मरकाम, दीनदयाल नागरची, सुजान मानिकपुरी आदि शामिल थे।

तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान के उद्घोष की गूंज

ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने आतंकवाद को ध्वस्त कर ताकत से किया इंसाफ : रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्र सेवा के लिए देश के सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के लिए तथा आपरेशन सिंदूर में सशक्त भारतीय सेना के योगदान को अविस्मरणीय बनाने एवं देशभक्ति के जज्बे को हर दिल में अक्षुण्य बनाए रखने के लिए आज तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आज अभूतपूर्व उत्साह के साथ कारवां निकला। हम सेना के साथ हैं और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए देश के जवान-सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए नगरवासियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इंसाफ ताकत से किया गया और भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में ऐसे स्थान जहां आतंकवादी गतिविधियां संचालित हो रही है, उन्हें ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा इस संदेश को लेकर निकला है कि भारत की ताकत, भारत की सेना, भारत के जवान मातृभूमि के लिए युद्ध लड़े हैं, हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हम यह संकल्प लेते है, कि भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति ही नहीं बल्कि हमारी सेना में भी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य है। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, जय जवान जय किसान के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के लिए आभार प्रकट करने स्कूली बच्चे, स्काउट-गाइड, खिलाड़ी एवं नागरिकों का काफिला नगर निगम कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक होते हुए भारत माता चौक से होते हुए महाकाल चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। ढोल मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ देश भक्ति पूर्ण गीतों दिल दिया है जान भी देंगे ऐ वतन तेरे लिए..., संदेशे आते है..., हमे इश्क है सरजमी से, वंदेमातरम्... जैसे देश भक्तिपूर्ण गीतों से ऑपरेशन सिंदूर की जीत के जश्न को मनाया गया।

देश की आन-बान-शान के लिए आयोजित तरंगा यात्रा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार शहर के आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देश भर में तिरंगा यात्रा देश की आन-बान-शान के लिए आयोजित की जा रही है। देश की एकता और सौहार्द्र को बनाये रखने के लिए देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जिस तरह जम्मू-कश्मीर के के पहलगांव में निर्दोष नागरिकों की हत्या की और देश के सौहार्द्र एवं समरसता को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई। जाति एवं धर्म पूछकर निर्मम हत्या की गई और हमारी बहनों को सिंदूर पोछना पड़ा।

आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की : मेजर राजेश शर्मा

कारगिल युद्ध में शामिल हुए मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की। उसके जवाब में भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बखूबी अंजाम दिया गया। तिरंगा यात्रा सैनिकों के लिए सम्मान है तथा भारतीय सेना के अतुल्य साहस का परिचय है। आज भारत सुपरपावर बनने की ओर अग्रसर है। कोई इसे कमजोर न समझे।

विधानसभा अध्यक्ष ग्राम भर्रेगांव में आयोजित तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

■ सैनिकों-जवानों के पराक्रम को सलाम करते हुए निकाली गई तिरंगा यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भर्रेगांव में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और वीर जवानों के साहस को सलाम किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता एवं हमारे भारतीय सेना के शौर्य के तहत निर्दोष नागरिकों के जीवन को समाप्त करने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चलाया गया। हमारे सैनिकों-जवानों के इस पराक्रम को सलाम करते हुए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। शांतिपूर्ण, अनुशासित, संगठित एवं उत्साह से भरी तिरंगा यात्रा में ग्राम भर्रेगांव एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों की धुन पर गली-गली घुमकर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक, हम सेना के साथ है और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र का संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों ने भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद दिया। तिरंगा यात्रा में समाज सेवी कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिमा चंद्राकर, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भर्रेगांव लक्ष्मी बंजारे, पप्पू रमेश चंद्राकर, योगेश बंजारे, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

गरियाबंद में सैनिक कल्याण बोर्ड एवं सैनिक कैंटीन स्थापना की अत्यंत आवश्यकता

■ राज्य शासन, केंद्र सरकार एवं जिला प्रशासन से सार्वजनिक मांग

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती तथा आदिवासी बहुल जिले गरियाबंद में सैनिक कल्याण बोर्ड एवं सैनिक कैंटीन की स्थापना की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में सैकड़ों की संख्या में भूतपूर्व सैनिक, शहीदों के परिवार एवं वर्तमान में देशसेवा में लगे जवानों के परिजन निवास करते हैं, किंतु उन्हें आज भी अन्य जिलों या राजधानी रायपुर तक सेवाओं के लिए भटकना पड़ता है। गरियाबंद जिला ओडिशा राज्य की सीमा से लगा हुआ है तथा यहाँ के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में युवा भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस बल में भर्ती होते हैं। ऐसी स्थिति में यहां सैनिकों एवं उनके परिवारों की सेवा-सुविधाओं हेतु एक पूर्णकालिक सैनिक कल्याण बोर्ड तथा सैनिक कैंटीन (छ्रस्ष्ठ) की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में गरियाबंद जिले के सैनिकों को छोटे-छोटे प्रमाणपत्र, चिकित्सा सहायता, पेंशन संबंधी समस्याओं, एवं छ्रस्ष्ठ सामग्री हेतु रायपुर तक बार-बार जाना पड़ता है। यह न केवल आर्थिक बोझ है बल्कि एक अपमानजनक अनदेखी भी प्रतीत होती है, जो हमारे वीर सैनिकों के योगदान के प्रतिकूल है। जनहित में यह आवश्यक है कि जिला मुख्यालय गरियाबंद में स्थायी

सैनिक कल्याण बोर्ड एवं एक पूर्ण सुविधायुक्त सैनिक कैंटीन की शीघ्र स्थापना की जाए। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों व शहीद परिवारों के लिए परामर्श एवं सहायता केंद्र, बच्चों के लिए विशेष छात्रवृत्ति एवं रोजगार सहायता योजनाएं भी प्रारंभ की जाएं। सैनिक कल्याण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन एवं प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। हम राज्य शासन, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन गरियाबंद से निवेदन करते हैं कि इस अत्यंत आवश्यक जनमांग पर शीघ्र संज्ञान लें और आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाएं। यह निर्णय न केवल गरियाबंद के लिए, बल्कि समस्त छत्तीसगढ़ के युवाओं में देशभक्ति और गौरव का नया संचार करेगा।

हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा के तहत किया गया भ्रमण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम सुखरी, छुईखदानऔर संबलपुर में पहुंची जहां पर रैली कर जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव के गली में भ्रमण किया गया। अभियान की गंभीरता देखते हुए लोग जलयात्रा एवं जागरूकता अभियान में सहभागिता निभा रहे है इसको को देखते हुए व्यर्थ बहा रहे पानी का संरक्षण करते हुए सोखता बनाने की ओर जागरूक हो रहे है

मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व

साजा/बेमेतरा /नवप्रदेश। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक÷ अभियान के तहत आज नगर पंचायत नवगढ़ में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ रजक बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद राजकर, जनप्रतिनिधि अजय साहू, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रध्वज हाथ में लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। हाल ही में जम्मू-

कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाए जाने की घटना के विरोध में यह यात्रा एकजुटता का प्रतीक बनी। इस कायराना हमले का देशभर में व्यापक विरोध हुआ, जिसके बाद भारतीय सेना ने त्वरित और सफ्ल कार्रवाई करते हुए आतंकी ठिकानों को नष्ट कर आतंकवादियों को मार गिराया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सर्वदलीय निकाली तिरंगा यात्रा

कसडोल/नवप्रदेश। पहफ्लगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया। इसलिए नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू की अगुवाई मे शनिवार शाम को गुरुघसीदास चौक से सर्वदलीय तिरंगा यात्रा निकाली गई।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों का हाथ था,पाकिस्तान को उसकी इस करतूत की पूरी सजा व जवाब मिलेगा और फिर देश की सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आंतकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर करारा जवाब दिया,पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियों को उसी भाषा में जवाब मिला है। सेना को खुली छूट दी गई और उन्होंने आतंकियों को उन्हीं के घर में घुसकर मार गिराया। उन्होंने राफेल, मिसाइलों और भारतीय सेना के ताकत की सराहना करते हुए कहा कि यह नया भारत है जो दुश्मनों को कहीं भी ढूंढ निकालता है। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकियों के खिलाफ हर हमले का पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ : नागेश्वर साहू

कोई भी गलतफहमी में किसी को नहीं रहना है। अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं। इस तरह की अफ्वाह न फैलाएं, सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें चल रही है। जिन लोगों ने माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन-चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा,अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा,पाकिस्तान सुधर जाए वरना उसे उजाड़ देंगे। पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे, आपको बता दें कि, इसका आयोजन प्रदेश स्तर, जिलास्तर एवं मडल स्तर पर मनाया जा रहा है।

अपराध

आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर 60 लाख रुपए की धोखाधड़ी को दिया अंजाम

विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। 14 मई को प्रार्थी महेंद्र साहू के द्वारा लिखित आवेदन पेश कर थाना पांडुका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू (विद्युत विभाग बलौदाबाजार में कार्यपालन अभियंता) के द्वारा प्रार्थी से एवं उनके परिवार के सदस्यों एवं जान पहचान के लोगों से विद्युत विभाग के अलग-अलग पदों में नौकरी लगने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर 60 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया। आवेदन जांच में प्रथम दृष्टिया अपराध धारा 318(4), 336(3) 338,340 (2) ड्ढठ्ठह्य का घटित करना पाए जाने से आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू के विरुद्ध धोखाधड़ी, जाली दस्तावेज तैयार करना,का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।प्रकरण में फरार आरोपी लोकेश्वर कुमार साहू को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा विगत तीन वर्षो से ऑनलाइन जुआ खेलने एवं जुआ में बहुत ज्यादा पैसा हार जाने से उधारी हो जाने की बात बताई गई।

हारे हुए रकम की भरपाई हेतु आरोपी द्वारा प्रार्थी एवं उनके रिश्तेदारों को विद्युत विभाग में नौकरी लगाने के नाम से 60 लख रुपए नगद लेना एवं फर्जी नियुक्तिपत्र देने की बात आरोपी द्वारा कबूल किया गया है।

आरोपी को 14/05/2025 को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड लेकर लगातार पूछताछ किया गया था।

जिसमें आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सीपीयू,ड्ढश्चद्दह्म्श्र वाहन, ऑनलाइन गेमिंग के दस्तावेज, प्रार्थी से प्राप्त नकद राशि में से 40000 नकद को जप्त किया गया है पुलिस रिमांड समाप्त होने पश्चात आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

कुलेश्वर कुमार साहू पिता धन्नू लाल साहू उम्र 42 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेश्वर धमतरी थाना अर्जुनी जिला धमतरी।

जप्त समाग्री

फर्जी नियुक्ति पत्र,40 हजार नगद, बोलेरो वाहन, लैपटॉप, मोबाइल, ऑनलाईन गेमिंग के दस्तावेज

मरगांव में ग्राम सभा आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत उमरगांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचायत सचिवों का हड़ताल खत्म होने पर ग्राम पंचायत में यह पहला ग्राम सभा आयोजित हुआ जिसमें त्रिवेणी पुजारी को ग्राम सभा अध्यक्ष बनाया गया। विभिन्न प्रकार की चर्चा चली एवं ग्राम न्याय एवं शांति व्यवस्था सामिति गठित किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच अंजना ध्रुव, पुर्व सरपंच सुरेश मरकाम, सचिव सामरथ जी, पंच महेश पुजारी, मोती दिवाकर, चन्द्रभान यादव, पुनम कश्यप, विष्णुरत साहू, नुतन साहू, शोभित नेताम, गजेन्द्र साहू, प्रहलाद मरकाम, पन्ना पुजारी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

निषेधात्मक कार्रवाई में जब्त अवैध शराब की गई नष्ट

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में न्यायालय के आदेशानुसार, जिला कलेक्टर एवं पुलिस कप्तान राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर, नगर पुलिस कप्तान रोहित शाह (भापुसे) और संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में 16 मई को अवैध शराब के जब्तशुदा सामग्रियों का विधिवत नष्टिकरण किया गया। इस दौरान, आबकारी एक्ट 34(2) के तहत विभिन्न प्रकरणों में जप्त 102.800 लीटर अवैध शराब को गढ्ढा खोद कर तोड़ा-फोड़ा गया और मिट्टी डालकर जमींदोज किया गया।

15 दिवसीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित 15 दिवसीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने उद्घाटन समारोह के संबोधन में कहा कि विद्या भारती की योजना से सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा मार्गदर्शित विद्यालयों में सेवारत आचार्य की संपूर्ण विकास की दृष्टि से यह वर्ग का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कठिन परिश्रम कठिन साधना समय का पालन इस प्रशिक्षण से प्रातः उठने से लेकर के रात्रि विश्राम तक विभिन्न आयाम सीखते हैं। प्रांतीय सचिव पुरन्दन कश्यप ने जानकारी दी कि सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग 15 में सायं से 31 में प्रातः तक सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेली में आयोजित है इस वर्ग में 87 आचार्य 92 दीदी 136 विद्यालय से 179 आचार्य दीदी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में 915 ग्रामीण विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर चल रहे हैं। जगदीश यादव वर्ग प्रमुख ने आभार व्यक्त किया।

पंजीकृत निर्माण श्रमिक श्रम कार्ड का नवीनीकरण जल्द कराएं

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत अधिसूचित 60 प्रवर्गों में निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जाता है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रम पंजीयन कार्ड की वैधता 05 वर्ष तक होती है। ऐसे समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन कार्ड की वैधता समाप्त हो गई है, वे आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र या श्रम कार्यालय में जाकर श्रम पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं।

मुंगेली में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग लम्बे समय से की जा रही है

मेडिकल की पढ़ाई के लिए क्षेत्र की छात्र-छात्राएं पलायन करने मजबूर

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। क्षेत्र के युवा वर्ग मेडिकल की पढ़ाई के लिए छात्र-छात्राएं पलायन करने को मजबूर हैं। सरकार को गरीब छात्र-छात्राओं का दर्द नहीं दिख रहा है। क्षेत्र के लोगों के ईलाज को ध्यान में रखकर मेडिकल कॉलेज नितांत आवश्यक है। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र की जनता उनसे मेडिकल कॉलेज की सौगात के रूप में उम्मीद कर रहे है।

मुंगेली जिला तीन विधानसभा का जिला है यहां की आबादी लगभग 9 लाख है। 13 वर्ष पूर्व 12 जनवरी 2012 को मुंगेली जिला अस्तित्व में आया। मुंगेली के अलावा आसपास अन्य जिले के निवासी नवागढ़, पण्डरिया के लोग भी ईलाज के लिये मुंगेली पर निर्भर रहते है।

समय-समय पर वे लोग जिला अस्पताल में आकर अपना ईलाज कराते रहते है। यहां आये गंभीर रोगों के मरीजों को ईलाज के लिये जिले से बाहर अन्य जिले रायपुर या बिलासपुर जाना पड़ता है। अनुसूचित जाति बाहूल्य पिछड़े जिले में आज तक मेडिकल कॉलेज नहीं खुल पाया है। छात्र-छात्रा इनकी पढ़ाई के लिए दूसरे जिलों और राज्यों में जाने को मजबूर हैं। जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक है वह तो अपने बच्चों को शिक्षा के लिए दूसरे जिले या राज्यों में भेज देते हैं, लेकिन जिन परिवारों की

आर्थिक स्थिति खराब है उनके बच्चे मेडिकल की पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं। अंचल के मेडिकल क्षेत्र के विद्यार्थी महंगी शिक्षा वहन न कर पाने के कारण अनेक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से दूर हैं। क्षेत्र के नागरिक समय-समय पर मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग उठाते रहे है, जिससे छात्र-छात्राओं को फायदा मिल सके। जिला अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को समुचित ईलाज उपलब्ध नही हो पाता।

वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आये मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुपलब्धता के चलते ईलाज के लिये जिले से बाहर भटकना पड़ता है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के समय मरीजों की भीड़ लगी रहती है। जिला अस्पताल में पूर्व में मरीजों को फिजियोथेरेपी सुविधा का लाभ मिल रहा था, किन्तु विगत कुछ महीनों से चिकित्सक नही होने की वजह से मरीज फिजियोथेरेपी से भी वंचित हो रहे है। क्षेत्र के नागरिकों को क्रिटिकल केयर यूनिट, सिटी स्केन एवं हमर लैब सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला अस्पताल के लैब में पूर्व में विभिन्न प्रकार की जांच होती थी, किन्तु जिला अस्पताल में कीट एवं रिएजेंट की अनुपलब्धता के चलते बहुत सारे जांच नही हो पा रहे है। मरीजों को जांच के लिए भी बाहर निजी पैथौलेब में जाना पड़ता है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं से पिछड़े हुए नागरिक यहां मेडिकल कॉलेज की मांग कर रहे है, जिससे उन्हे स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही यहां के विद्यार्थी मेडिकल की पढ़ाई भी कर सके। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र की जनता उनसे मेडिकल कॉलेज की सौगात के रूप में उम्मीद कर रहे है।

समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से करें निराकरण: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 1,63,821 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 1,63,259 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 562 आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित हैं। जिनका भी जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के कलेक्टर भोसकर ने निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार सहित राजस्व विभाग के सभी लंबित प्रकरणों का नियमों के अनुसार त्वरित निराकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि समाधान शिविरों में

प्राप्त मांग और शिकायतों के आवेदनों को भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में स्वामित्व योजनांतर्गत अभिलेख वितरण की स्थिति, पीएम आवास योजना की प्रगति, आयुष्मान कार्ड निर्माण, संस्थागत प्रसव की स्थिति, सिकल सेल स्क्रीनिंग, खाद-बीज वितरण, पशु टीकाकरण एवं महतारी वंदन योजना, राजस्व प्रकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने ने संबंधित अधिकारियों को समस्त कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन शासकीय भवनों में वर्षा जल संरक्षण (वाटर हार्वेस्टिंग) की व्यवस्था नहीं है, वहां इसे प्राथमिकता से निर्मित कराया जाए। साथ ही उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निवारण व प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति कार्यालय स्तर पर गठित की जाए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री राम सिंह ठाकुर, अमृतलाल ध्रुव, नगर निगम आयुक्त श्री डीएन कश्यप एवं सभी एसडीएम व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आवेदनों के निराकरण में मुंगेली जिला प्रदेश में प्रथम

मुंगेली/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में आवेदनों के निराकरण में मुंगेली जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 01 लाख 29 हजार 573 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 01 लाख 29 हजार 565 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर प्रदेश में मुंगेली जिला प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसमें 01 लाख 27 हजार 265 मांगों एवं 02 हजार 308 शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं।

नवपदस्थ कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पदभार ग्रहण करते हुए छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को गंभीरता से आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये निर्देश दिये थे। प्राप्त आवेदनों के निराकरण में मुंगेली जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य में आवेदनों के निराकरण में मुंगेली जिले का 8वां रैंक था। लगातार अधिकारी-कर्मचारी आवेदनों के निराकरण में जुटे रहे, जिसके फलस्वरूप जिले का रैंक पहले स्थान पर आया। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप प्रशासन की यह पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं की पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 01 लाख 29 हजार 573 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 01 लाख 29 हजार 565 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर प्रदेश में मुंगेली जिला प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसमें 01 लाख 27 हजार 265 मांगों के आवेदन थे जिसमें से मात्र 5 आवेदनों का निराकरण लंबित है। मांगों के 1 लाख 27 हजार 260 आवेदन निराकृत हो गये है। इसी प्रकार 2 हजार 308 शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2 हजार 305 आवेदन निराकृत हो गये एवं मात्र 3 आवेदन लंबित है। 5 मई से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सुनील नायक ने बड़ी संख्या में उपस्थित आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

जनदर्शन में भूमि मुआवजा, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, राशन कार्ड, नामांतरण, पट्टा आवंटन एवं फसल बीमा और राजस्व से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री नायक ने सभी आवेदनों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में शीघ्र, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं स्वयं अपर कलेक्टर के समक्ष रखीं, जिन पर मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। उन्होने स्पष्ट किया कि समयसीमा के भीतर समाधान प्रशासन की जवाबदेही का हिस्सा है। जिसे गंभीरता से समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, रामसिंह ठाकुर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

निधन कालिका प्रसाद खाण्डेकर

मुंगेली/नवप्रदेश। भथरी निवासी कालिका प्रसाद खाण्डेकर का 66 वर्ष की आयु मे 17 मई को निधन हो गया। वे रमेश, रामचंद्र के बड़े भाई एवं जागेंद खाण्डेकर, शैलेन्द्र खाण्डेकर के पिता जी थे। उनका अंतिम संस्कार 18 मई को ग्राम मे ही किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीजन उपस्थित रहे।

अवैध रेत का परिवहन करते दो वाहन जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध सघन अभियान जारी है। इसी कड़ी में आज मुंगेली जिले में खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध रेत का परिवहन कर रहे दो हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 7002, जिसे चालक राजू निषाद चला रहा था, और सीजी 28 आर 6531, जिसे चालक लालू ध्रुव चला रहा था, दोनों ही वाहनों द्वारा मुंगेली क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के रेत का परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग की त्वरित कार्रवाई में दोनों वाहनों को रोककर रक्षित केंद्र

मुंगेली में जब्त कर रखा गया है, और चालकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर के सानिध्य में निकाली गई तिरंगा यात्रा

लखनपुर/नवप्रदेश। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना की बहादुरी शौर्य सम्मान को लेकर नगर लखनपुर में 17 मई दिन शनिवार को गुदड़ी बाजार चौंक से तिरंगा यात्रा का निकला गया यात्रा में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर शामिल हुए।

यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में जाकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय करनल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे से नगर गुंज उठा। तिरंगा यात्रा में आत्मानंद

विद्यालय के स्कूली बच्चे भाजपा कार्यकर्ता नगरवासी समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी शरीक रहे। आपरेशन सिंदूर के जरिए से भारतीय सेना ने साहस और रणनीति का परिचय देते हुए पाकिस्तान स्थित दहशतगर्द आतंकियों के ठिकानों पर हमला कर मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा पड़ोसी देश पाकिस्तान के सेना से प्रशिक्षित आतंकवादियों के द्वारा पहलगाम घटना को अंजाम-दिया गया उनका मकसद देश में साम्प्रदायिक दंगा आपसी नफरत फैलाना था जम्मू कश्मीर में जो अमन चैन स्थापित हो रहा था । उस अमन शांति को खत्म करना था। लेकिन हिदुस्तानी बहादुर सिपाहीयों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू, जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, भाजपा नेता दिनेश साहू, सुभाष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सुरेश जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, रमेश मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, महेश्वर राजवाड़े कामेन्दर राजवाड़े, शमीम खान हासिम खान एसडीएम वश सिंह नेताम थाना प्रभारी शशि कांत सिन्हा, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी, तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

कार्यशाला

मुंगेली में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

महिला सशक्तिकरण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर हुई चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में हुई। इस अवसर पर सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसे अहम विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता छग शासन क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने कहा कि पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई का 26 वर्षों का शासन राज-व्यवस्था, न्याय और जनकल्याण, का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा, क्योंकि उन्होंने कृषि, पर्यावरण और जनकल्याण को प्राथमिकता दी। उन्होंने महारानी को महिला सशक्तिकरण की प्रतीक बताते हुए कहा कि जैसे आज प्रधानमंत्री मोदी के शासन में महिला नेतृत्व को भरपूर प्रोत्साहन मिल रहा है, वैसा ही अहिल्याबाई ने भी अपने समय में किया था।

विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अहिल्याबाई के योगदान और सुशासन की विरासत को कांग्रेस शासनकाल में छुपाया गया। उन्होंने

प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब ऐतिहासिक सत्य उजागर हो रहा है। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई ने मंदिरों के निर्माण, शिक्षा और सामाजिक कल्याण में जो योगदान दिया, वह आज भी प्रेरणास्त्रोत है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रानी अहिल्याबाई के मार्ग का ही अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने उनके न्यायप्रिय और संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण देते हुए बताया कि वे सामाजिक मर्यादा व युद्ध कौशल दोनों में दक्ष थीं। कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर कहा कि अहिल्याबाई ने सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया और स्त्री धन का उपयोग विधवा, गरीबों व वंचितों के कल्याण के लिए किया। उन्होंने विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया और महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने आगे कहा कि 18वीं शताब्दी में महारानी अहिल्याबाई ने जो कार्य किए, उन्हीं रास्तों पर आज प्रधानमंत्री मोदी सरकार चल रही है।

ग्राम पटकुरा में स्वास्थ्य परीक्षण व तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम पटकुरा में नेत्र परिक्षण एवं सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें पटकुरा गांव के अतिरिक्त 4 आस पास के ग्रामीणों ने भी शिविर में आकर परिक्षण तथा जनरल हेल्थ चेकअप कराया । स्वास्थ्य शिविर के पश्चात् उपस्थित अतिथियों तथा ग्रामीन लोगो के ने आपरेशन सिंदूर के तहत जागरूकता रैली तथा तिरंगा यात्रा अटल चौक से शिव मंदिर तक निकाली गई। सक्षम के स्वास्थ्य शिविर के मुख्य अतिथि लुन्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज , विशिष्ट अतिथि सक्षम के प्रांतीय संगठन मंत्री रामजी राजवाड़े , सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र छग के प्रमुख सतीश ,अंबिकापुर सक्षम के जिला संयोजक माधुर , छग शबरी सेवा संस्थान लखनपुर जिला सरगुजा छग के प्रदेश सचिव सुरेंद्र साहू, आर्ट ऑफ लिविंग सरगुजा के अजय, समाज सेवी राजीव पाठक , नेत्र रोग चिकित्सक डॉ संजय गुप्ता, डॉ अंजुला , जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश, एकल संगठन के अभियान प्रमुख संतोष, अंचल प्रमुख अवधेश दास तथा आस पास के गांवों से आए ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल हुए ।

10वीं और 12वीं के फेल व पूरक विद्यार्थियों को मिलेगा दोबारा मौका

20 मई से 30 जून तक भरे जाएंगे परीक्षा के लिए आवेदन, विद्यार्थियों को कोचिंग की भी सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को राहत देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के अंतर्गत अब एक शैक्षणिक सत्र में दो मुख्य परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके तहत बोर्ड ने 2025 की द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन तिथियों की घोषणा कर दी है। ऐसे विद्यार्थियों को मौका मिलेगा जो बोर्ड परीक्षा में फेल हो गए हैं, किसी कारणवश परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, सप्लीमेंट्री आए हैं, या फिर अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। ऐसे छात्र अब जुलाई 2025 में आयोजित होने वाली द्वितीय मुख्य परीक्षा में शामिल होकर दोबारा परीक्षा दे सकते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि जिले में कक्षा दसवीं के 5459 और कक्षा बारहवीं में 2596 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। यह आंकड़ा परीक्षा में अनुत्तीर्ण और पूरक आए विद्यार्थियों की है। इनकी परीक्षा जुलाई के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। शासन द्वारा शिक्षकों को इन बच्चों को मार्गदर्शन के निर्देश भी दिए गए हैं। 15 जून को स्कूल खुलने के बाद इन विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी, जिससे परीक्षा में इन्हें किसी तरह की दिक्कतें न हों। पिछले साल की तुलना में इस साल परिणाम बेहतर रहा। परीक्षा में शामिल होने के लिए 20 मई से 10 जून तक, विलंब शुल्क के साथ आवेदन 11 जून से 30 जून तक परीक्षा फार्म जमा किया जा सकता है। बोर्ड के अनुसार, परीक्षा फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से भरे जाएंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल खुलने के बाद परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित कर दिया गया है। प्रयास किया जा रहा है कि इस दूसरे अवसर पर विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल होगी।

मिशन 90 सफल रहा

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले साल निगम आयुक्त अमित कुमार द्वारा सरकारी स्कूलों में मिशन 90 लॉच किया गया था, जिसके तहत सरकारी स्कूलों में हर महीने टेस्ट लिया गया। इस टेस्ट में जिन विषयों में जिन बच्चों का कम अंक आया या जिनका प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा ऐसे बच्चों को स्कूल के शिक्षकों द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया। इन बच्चों को कक्षा के बाद अलग से पढ़ाने की व्यवस्था की गई थी। निश्चित तौर पर उसका सकारात्मक असर बच्चों के परिणाम में देखने को मिला। पिछले साल की तुलना में इस बार 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 10वीं में दो विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए। जून में स्कूलों के खुलने के बाद ही प्रयास शुरु कर दिया जाएगा कि अगली बार परीक्षा परिणाम इस साल से और भी बेहतर रहेगा। 10वीं की तरह ही 12वीं के विद्यार्थी भी मेरिट में अपनी जगह बनाएं।

छात्रों के लिए सुझाव

समय रहते आवेदन करें ताकि विलंब शुल्क न देना पड़े। सभी जरूरी दस्तावेज और प्रमाणपत्र पहले से तैयार रखें। आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें। इस नीति से विद्यार्थियों को एक ही शैक्षणिक वर्ष में अपनी योग्यता सुधारने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और अकादमिक साल बर्बाद नहीं होगा।

न्यूज गैलरी

विश्व शांति के लिए 32 लघु अभियानों की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलित अनिमेष बिनय वासुदेव अवतार के अनुसार 18 मई से सत्य एवम् युग उत्थान कलित धर्म विश्व शांति महाअभियान की शुरुआत हुई है। यह अभियान विश्व जनजागरण की श्रृंखला का हिस्सा है। इसमें कुल 32 लघु अभियान शामिल हैं। ये अभियान देश के विभिन्न जिलों में भव्य और गरिमामय रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 25 मई को बिलासपुर के विनोबा नगर दुर्गा पूजा पंडाल में एक दिवसीय शिविर होगा। 27 मई को रायगढ़ के सत्तीगुड़ी चौक स्थित रामलीला मैदान परिसर में शिविर आयोजित किया जाएगा। 30 मई को सम्बलपुर में भी शिविर होगा। इन शिविरों में युग एवम् धर्म स्मरण, कलित अनिमेष बिनय वासुदेव मुकर्जी देव अवतार पुरुष के विचारों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। महाअभियान के अंतर्गत प्रमुख लघु अभियानों में कलित धर्म चिंतन, युग समय तर्पण, युग तिरस्कार, युग विघटन, हिंसा मुक्ति, धर्म बचाव, युग दर्शन, पापशक्ति पतन, युग क्रांति, विश्व दुर्दशा-विश्व शांति दिशा, अधर्म मुक्ति, नीतिहीन राजशक्ति उन्मूलन, वृहस्पति उपवास, नरक मुक्ति, दास मुक्ति, कलित अष्टमी त्यौहार, जन्म दिवस पर्व, युग सर्वोदय, युग गवेषणा, कालचक्र शक्ति, मूर्ति चौक निर्माण, युग सत्यता धर्म सदस्यता और युग सिद्धि अभियान शामिल हैं।

जिले में भू-जल स्तर बढ़ाने ग्रामीणजनों के प्रचार-प्रसार के लिए संगोष्ठी आयोजित

जल संरक्षण के लिए लोखंडी के ग्रामीण हो रहे जागरूक, दे रहे अपना योगदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पंचायत लोखंडी में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में भू-जल स्तर को बढ़ाये जाने के लिए ग्रामीणजनों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जल जागरूकता संगोष्ठियों का आयोजन, जल जागरूकता रैली, महात्मा गांधी मनरेगा के कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं दिवाल लेखन तथा पोस्टर-बैनर और रैली के माध्यम से भविष्य के भू-जल संकट तथा भू-जल के कम से कम दोहन एवं फसल चक्र की जानकारी दी जा रही है।

साथ ही सभी सार्वजनिक स्थलों पर भू-जल संरक्षण संकल्प ग्रामीणजनों के बीच लिये जा रहे है। गौरतलब है कि विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम पंचायत लोखंडी में जल स्तर की सेमीक्रिटीकल श्रेणी में शामिल है। विशेष अभियान चलाकर इन विकासखण्डों में भू-जल संरक्षण के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। भू-जल संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में रिचार्जपीट के कार्य महात्मा गांधी नरेगा योजना से स्वीकृत किये गये है, जिसमें विकासखण्ड तखतपुर में 30 इस स्वीकृत किये गये है। रिचार्जपीट के कार्य कराये जाने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। बाराहमासी नालों में श्रमदान एवं जलभागीदारी से बोरीबंधान के कार्य किये जा रहे है। जिसमें से विकासखण्ड तखतपुर के 07 नालों में तथा जिले के सभी बाराहमासी नालों में बोरीबंधान कार्य जनजागरूकता के माध्यम से ग्रामीणजनों के सहयोग से कराये जा रहे है। जिले के सुख चुके बोर में सेंडफिल्टर रिचार्ज तकनीक एवं डबरी अथवा परकोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल तकनीक से वास्तविक भू-जल को रिचार्ज कराये जाने के लिए स्थल चिन्हांन तथा क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। ग्राम पंचायत लोखंडी के समस्त जनों का सहयोग रहा।

भू-जल सरंक्षण में जागरूकता लाना उद्देश्य

जलदूत मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से कुंओ में किये गये जल स्तर के मापन को सभी ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक दिवालों पर लेखन कराया गया है ताकि उस गांव के जल स्तर के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी हो सके तथा भू-जल सरंक्षण में जागरूकता लाया जा सके आज ग्राम पंचायत भवन लोखंडी में रैली निकाल कर भू-जल संरक्षण अधिनियम के तहत मोर गांव - मोर पानी माहा अभियान का सफल आयोजन किया गया।

ट्रेलर और कंटेनर ट्रक में टक्कर, चालक की मौत

रतनपुर/नवप्रदेश। भरारी पावर ग्रिड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंटेनर ट्रक चालक की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक ट्रेलर चालक ने कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक बिना ब्रेक लाइट जलाए अचानक वाहन रोक दिया, जिससे पीछे से आ रहा कंटेनर ट्रक उसमें जा टकराया। मृतक चालक की पहचान सचिदानंद पिता इंद्रजीत प्रताप, निवासी किशुनपुरवा थाना कौन काचन, जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह रायपुर से पश्चिम बंगाल की ओर मुर्गी फार्म का सामान लेकर निकला था। घटना सुबह लगभग 10 बजे हुई, जब उसका कंटेनर ट्रक पी 32 ईएन 4719 भरारी पावर ग्रिड के पास पहुँचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 1221 का चालक अचानक बिना कोई संकेत दिए ट्रक को रोक दिया, जिससे कंटेनर पीछे से आकर उससे टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सिम्स अस्पताल, बिलासपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना कंटेनर पर लिखे मोबाइल नंबर के माध्यम से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रियरंजन मौर को मिली जो रायपुर में रहते हैं। उन्होंने सिम्स पहुंचकर हादसे की जानकारी ली और थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पेंटिंग प्रतियोगिता में 70 बच्चों ने उत्कृष्ट क्षमता का किया प्रदर्शन

■ सिटी कोतवाली परिसर में चेतना कार्यक्रम के तहत आओ संवारे कल अपना के तहत समर कैंप आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल के मार्ग दर्शन पर थाना सिटी कोतवाली परिसर में चेतना कार्यक्रम के तहत आओ संवारे कल अपना के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा, थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय थाना प्रभारी, आर्यन तिवारी, कु, सीमा वर्मा, चंचल सलूजा (रोटरी क्लब) गजेन्द्र सिंह (लायंस क्लब) एवं मुकेश गंगवानी के सहयोग से थाना परिसर में जन सामान्य लोगों की उपस्थिति में चेतना कार्यक्रम के तहत आओ संवारे कल अपना के तहत समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में चेतना पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में करीबन 70 बच्चे सहभागी होकर अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया गया जिसमे छोटे बच्चों में प्रथम तर्णिजा साहू, द्वितीय-आयुष्मान, तृतीय-अशिका तिवारी एवं बड़े बच्चों में अन्नया साव, काजल गुप्ता, ऋषिका देवांगन चंदन कुमार को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है एवं अन्य बच्चों को भी प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया है सभी छोटे बड़े बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिये एवं भविष्य में भी थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर में पुलिस द्वारा इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कराए जाने हेतु सुझाव दिया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना सिटी कोतवाली से निरीक्षक थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय, उनि चंदन सिंह मरकाम, उनि बसंत साहू उनि सीता साहू सउनि गजेन्द्र शर्मा, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रआर विनोद यादव, प्रआर सौखी लाल वर्मा, प्रआर कृष्ण कुमार पाण्डेय, प्रआर शंकर दास महंत एवं थाना के समस्त स्टॉट का विशेष योगदान रहा है।

गोदाम से धान चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। गोदाम से धान चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को बेलगहना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार धनंजय साहू निवासी टेंगनमाड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की इसके घर के गोदाम में रखें 11 बोरी धन को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। विवेचना दौरान 18 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त धान की चोरी विधि से संघर्रत 2 बालक एवं 1 उसके मित्र के साथ मिलकर चोरी करना बताये।

स्वच्छता दीदीयों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

बिलासपुर /नवप्रदेश। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बिलासपुर ने नगर पालिका परिषद तखतपुर में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की 6 सूत्रीय समस्याओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संदर्भित जिला कलेक्टर बिलासपुर को14 मई को एक ज्ञापन सौंपा है। इस संदर्भ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बिलासपुर के जिला अध्यक्ष नंदकुमार कुशवाहा ने बताया कि पिछले दिनों 15 अप्रैल को नगर पालिका परिषद तखतपुर में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिया था। आवेदन के माध्यम से उन्होंने अवगत कराया था कि गंगा सिंह ठाकुर के द्वारा स्वच्छता दीदीयों से गाली गलौच और अभद्रता किया जाता है। साथ ही उन्होंने 6 सूत्रीय समस्याओं को लेकर आवेदन दिया था वही इन्होंने संबंधित पत्र की प्रतिलिपि अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बिलासपुर को भी दिया था। वही जिला अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने आगे बताया कि नगर पालिका परिषद तखतपुर में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों पर हो रहे समस्याओं को लेकर संगठन ने तत्काल प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से संगठन के लेटर हैड में कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है संगठन द्वारा दिये गए पत्र में जानकारी दिया गया हैं कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा 12 स्वच्छता दीदीयों का निष्ठा एप से उपस्थिति को इसलिए बंद कर दिया गया है कि दीदी द्वारा सरकार के नियम को पालन करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पत्र द्वारा निवेदन किया गया था इसमें संगठन को ऐसा प्रतीत हो रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा इन्हें निकाल कर दूसरे कर्मचारी रखने का षडयंत्र किया जा रहा है।

सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में कार्यकर्ता ही कार्य सिद्धि का आधारः रामदत्त

आरएसएस का कार्यकर्ता विकास प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम (सामान्य) का 20 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन 18 मई से कोनी, बिलासपुर में किया जा रहा है। इस वर्ग का उद्देश्य संघ के कार्यकर्ताओं के वैचारिक, शारीरिक, बौद्धिक एवं संगठनात्मक कौशल विकास को सुनिश्चित करना है, जिससे वे समाज में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। इस वर्ग में मध्य क्षेत्र के सभी चार प्रांतों छत्तीसगढ़, महकौशल, मध्य भारत और मालवा से चयनित 383 शिक्षार्थी, 58 शिक्षक एवं 65 प्रबंधक सहित कुल 506 सहभागी हुए हैं, जो पूर्व में संघ के विभिन्न चरणों के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। यह वर्ग उनके लिए अगला महत्वपूर्ण चरण है, जहां उन्हें गहन शिक्षण, अभ्यास और संवाद के माध्यम से कार्यकर्ता से नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में प्रशिक्षण प्राप्त होगा। वर्ग का उद्घाटन श्री रामदत्त, अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह एवं वर्ग के सर्वाधिकारी अनिरुद्ध काउरवार और वर्ग कार्यवाह विक्रम सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमे श्री रामदत्त मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि संघ कार्य की मूल भावना, संगठन की भूमिका, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में कार्य सिद्धि का आधार कार्यकर्ता है। कार्यकर्ता के विकास के लिये आंतरिक गुणों का विकास, संगठन कुशलता के लिये प्रति वर्ष कार्यकर्ता विकास वर्गो का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं- वर्ग सुबह 4 जागरण से प्रारंभ हो कर रात 10 बजे तक चलता है जिसमे बौद्धिक सत्रः जिसमें राष्ट्रीय चिंतन, सांस्कृतिक गौरव, सामाजिक समरसता, सेवा कार्य, राष्ट्र सुरक्षा एवं इतिहास जैसे विषयों पर प्रांतीय, क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय अधिकारियों के व्याख्यान होंगे।

कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में हमारी भूमिका विषय पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

भारत को विश्व गुरु बनाने एक वैचारिक परिवर्तन की आवश्यकताः रामदत्त चक्रधर

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में हमारी भूमिका (भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में) विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास छत्तीसगढ़ प्रांत, डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा बैरिस्टर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र और स्कूल शिक्षा विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय संघ के राम दत्त चक्रधर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए एक वैचारिक परिवर्तन की आवश्यकता है। यह वैचारिक परिवर्तन सिर्फ शिक्षा को चुस्त दुरुस्त करने से होगा। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। आज इसके इस जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक उतारने की आवश्यकता है। यह कार्य देश भर के शिक्षण संस्थान कर रहे हैं। इसके लिए धैर्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। जिसमें प्रथम उद्देश्य यह है कि जो विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पढ़ाई करके यहां से निकले उसके विचार भारतीय हो। दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य यह है कि जो विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पढ़ के निकले उसकी बौद्धिकता की दृष्टि भारतीय हो, और तीसरा उद्देश्य यह है कि जो विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति से पढ़ाई करके निकले उसे विद्यार्थी का कार्य व्यवहार में भारतीयता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पढ़कर समाज में जाएगा, उसके अंदर समय का अनुशासन होगा। वह रोजगार परख शिक्षा प्राप्त करेगा, वह मातृभाषा के प्रति संवेदनशील होगा, और वह विद्यार्थी अनुसंधान की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परंपरागत शिक्षा को विज्ञान से जोड़कर तैयार किया गया है। रामदत्त चक्रधर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के साथ उसे क्रियान्वयन कैसे किया जाए इस बारे में भी विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सिलेबस, पाठ्य सामग्री, आवश्यक उचित संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की कमी को दूर करना भी महत्वपूर्ण है। इसके लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति युग परिवर्तन करने वाली नीतिः डॉ. तिवारी

इस अवसर पर उपस्थित डॉर सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति युग परिवर्तन करने वाली नीति है। इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, भारत के गौरवशाली इतिहास का अध्ययन, भाषा की शक्ति को रेखांकित कर किया गया है। भारतीय ज्ञान, परंपरा, भारतीय कौशल, भारतीय संस्कृति और भाषा को लेकर तैयार की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को क्रियान्वयन की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने का सबसे बड़ा आधार होगा।

न्यूज गैलरी

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गोयल को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बताया कि उसने यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में कार्रवाई की गई है। गोयल को कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और अन्य के खिलाफ जांच के मामले में 16 मई को यहां उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उन्हें 17 मई को कोलकाता में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हें 21 मई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इस जांच के तहत ईडी ने अप्रैल में गोयल और कुछ अन्य के परिसरों पर छापे मारे थे। धन शोधन का यह मामला सीएसपीएल को ऋण सुविधाएं स्वीकृत करने और उसके बाद 6,210.72 करोड़ रुपये (ब्याज के बिना मूल राशि) के ऋण को बड़े पैमाने पर डायवर्ट और हेरफेर करने से संबंधित सीबीआई की प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। ईडी ने दावा किया है कि यूको बैंक के सीएमडी के रूप में गोयल के कार्यकाल के दौरान, सीएसपीएल को बड़ी ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गईं। जिन्हें बाद में उधारकर्ता समूह की ओर से डायवर्ट और हस्तांतरित कर दिया गया। आरोप हैं कि बदले में, गोयल को सीएसपीएल से काफी रिश्वत मिली।ईडी के अनुसार, रिश्वत को वैधता का मुखौटा देने के लिए विभिन्न संस्थाओं का सहारा लिया गया। ईडी ने कहा, ÷जांच से पता चला है कि गोयल ने नकदी, अचल संपत्तियां, विलासिता के सामान, होटल बुकिंग आदि फर्जी कंपनियों, फर्जी व्यक्तियों और परिवार के सदस्यों के जरिए हासिल किए, ताकि धन के आपराधिक स्रोत को छुपाया जा सके।

भारत, मालदीव ने 13 समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत ने मालदीव के साथ 13 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत द्वीपीय देश में नौका सेवाएं बढ़ाने के लिए 100 मिलियन एमवीआर अनुदान दिया जाएगा। भारत ने मालदीव के साथ 13 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत द्वीपीय देश में नौका सेवाएं बढ़ाने के लिए 100 मिलियन एमवीआर अनुदान दिया जाएगा। जिससे समुद्री संपर्क का विस्तार होगा और सामुदायिक आजीविका में सुधार होगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हस्ताक्षर समारोह विदेश मंत्रालय में हुआ, जो दोनों देशों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत, सेंसेक्स-निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव

मुंबई। इससे पहले आखिरी कारोबारी सत्र यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 200.15 अंक या 0.24 फीसदी गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 42.30 अंक या 0.17 फीसदी गिरकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 214.59 अंक गिरकर 82,116 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी 54 अंक गिरकर 24,965.80 अंक पर कारोबार करता दिखा।

दुनिया में स्मार्ट वित्तीय योजना बनाने में म्यूचुअल फंड महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है

उम्र के हिसाब से बनाएं म्यूचुअल फंड में निवेश की सही रणनीति, आसान, स्मार्ट और लाभकारी विकल्प

बिज़नेस डायरी। आज की अनिश्चित दुनिया में स्मार्ट वित्तीय योजना बनाने में म्यूचुअल फंड महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। म्यूचुअल फंड सभी उम्र के निवेशकों को एसआईपी और इक्विटी से लेकर हाइब्रिड फंड तक के विविध प्रकारों के निवेश विकल्पों के जरिये धन कमाने का सरल एवं शक्तिशाली तरीका प्रदान करता है। म्यूचुअल फंड से बेहतर रिटर्न पाने के लिए जरूरी है कि उम्र के हिसाब से सही निवेश रणनीति बनाई जाए। उम्र बढ़ने के साथ?म्यूचुअल फंड में निवेश के तरीके आपके बदलते जीवन चरणों और लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाने के लिए अनुकूल होने चाहिए। आपकी उम्र 30 साल के आसपास है, तो यह स्पष्ट लक्ष्यों के साथ निवेश शुरू करने का समय है। समय के साथ जल्द निवेश शुरू करने से आपको अपनी संपत्ति बढ़ाने के लिए चक्रवृद्धि का लाभ मिलता है। दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए इक्विटी फंड पर ध्यान दें। जोखिम क्षमता के आधार पर एसआईपी के जरिये करीब 70 फीसदी राशि लार्जकैप, फ्लेक्सी कैप या मिडकैप फंड में निवेश कर सकते हैं। अल्पकालिक लक्ष्यों के लिहाज से संतुलित पोर्टफोलियो के लिए?डेट फंड में 20-30 फीसदी तक निवेश करें। एक से तीन साल के भीतर के लक्ष्यों के लिए शॉर्ट-ड्यूरेशन डेट फंड का इस्तेमाल करें। 3-5 साल के लक्ष्यों के लिए हाइब्रिड फंड का उपयोग करें। 40 साल की उम्र के करीब वित्तीय प्राथमिकताएं बदलने लगती हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। जोखिम लेने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में अपने जोखिम को कम करते हुए इक्विटी निवेश को 60 फीसदी तक सीमित करें। शेष राशि को हाइब्रिड फंड में लगाएं, जो इक्विटी और डेट दोनों में निवेश करता है। सेक्टोरल या स्मॉल

मिडकैप फंड जैसे उच्च जोखिम वाले निवेश विकल्पों से बाहर निकलने पर विचार करें। अधिक डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड जोड़ें, जिसमें ईएलएसएस जैसे विकल्प शामिल हों, जिसमें रिटर्न बनाने के साथ टैक्स बचत का भी लाभ मिलता है। 50 के दशक में लोग सेवानिवृत्ति के बारे में विचार करने लगते हैं। ऐसे में म्यूचुअल फंड में निवेश की रणनीति फंड की सुरक्षा और कम जोखिम वाली वृद्धि सुनिश्चित करने वाली होनी चाहिए। अपने फंड का 40-50 फीसदी हिस्सा ही इक्विटी में लगाएं। जब तक बाजार के उतार-चढ़ाव से सहज न हों, तब तक सेक्टोरल, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड में निवेश से बचें। सरकारी प्रतिभूतियों में भी निवेश कर सकते हैं। अगर आपकी उम्र 60 साल के करीब हो, तो पूंजी बढ़ाने की जगह उसकी सुरक्षा और नियमित आय कमाने पर होना चाहिए। लार्जकैप या बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के जरिये इक्विटी में निवेश को 10-20 फीसदी तक सीमित रखें। महंगाई का भी ध्यान रखें। अपने फंड का 70-80 फीसदी हिस्सा डेट फंड में लगाएं। लिक्विड, शॉर्ट-ड्यूरेशन या गिल्ट फंड जैसे कम जोखिम वाले विकल्प चुनें, जो एफडी से बेहतर रिटर्न देते हैं। डेट या हाइब्रिड फंड से सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) पर विचार करें। यह मासिक पेंशन की तरह काम करता है।

सबसे लंबा रेल फ्लाईओवर गर्डर लॉन्च

देशभर में अच्छा किया-इंश्योरेंस लिया अभियान का आगाज

बिजनेस डेस्क। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) ने सामान्य बीमा को लेकर लोगों की सोच में बदलाव करने और उनमें जागरूकता बढ़ाने के लिए अच्छा किया इंश्योरेंस लिया नामक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के मार्गदर्शन में यह अभियान शुरू किया गया है। जीआईसी ने इसके लिए लोवे लिंटास से करार किया है।

अभियान के जरिये लोगों को बताया जाएगा कि सामान्य बीमा खरीदना पैसे की बर्बादी नहीं है। इसमें मेट्रो शहरों, टियर-2 कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के 25-55 वर्ष की आयु के लोगों को शामिल किया जाएगा। अभियान सरकार और इरडा के 2047 तक सभी भारतीयों तक बीमा पहुंचाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। अभियान इसलिए?जरूरी है, क्योंकि घर, वाहन और अन्य संपत्तियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद गैर-

जीवन बीमा को पूरे देश में कम अपनाया जा रहा है। भारत के माल ढुलाई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) ने पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) के जेएनपीटी-नीलजे सेक्शन पर कलंबोली में 110.5 मीटर लंबा और लगभग 1500 टन वजनी ओपन वेब स्टील गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। यह रेल फ्लाईओवर (आरएफओ) डीएफसीसीआईएल की ओर से निर्मित अब तक का अपनी तरह का सबसे लंबा स्ट्रक्चर है। इस दौरान भारतीय रेलवे ट्रैक पर 32 मीटर तक विशाल गर्डर को रेडियल शिफ्ट करने जैसे जटिल इंजीनियरिंग कार्य को अंजाम दिया गया, जो उन्नत निर्माण तकनीकों और सटीक निष्पादन का परिचायक है। इस अवसर पर डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे, जिन्होंने इंजीनियरिंग टीमों और हितधारकों के असाधारण समन्वय एवं परियोजना के त्रुटिहीन निष्पादन के लिए उनकी सराहना की।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने व्यापक मासिक रिटेल आउटरीच कार्यक्रम की घोषणा की है। यह मई के महीने में 15 मई को आयोजित की जाने वाली एक राष्ट्रव्यापी रणनीतिक पहल है। इसका उद्देश्य विभिन्न रिटेल ऋण क्षेत्रों के अनुरूप वित्तीय समाधान पेश करने के लिए पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुंचना है। पीएनबी रिटेल आउटरीच कार्यक्रम एक ही मंच के अंतर्गत व्यापक ऋण समाधानों को एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जो प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों और न्यूनतम निष्पादन अवधि एवं दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण वित्तीय उत्पादों तक पहुंच प्रदान करेगा।

पहले से ज्यादा खर्चीली होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन ने 20 हजार तक बढ़ाया शुल्क

बिज़नेस डायरी। कोविड-19 महामारी के चलते 2019 में बंद हुई कैलाश-मानसरोवर यात्रा अगले महीने से फिर होने जा रही है। यात्रा को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा को लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। तैयारियां अंतिम चरणों में है। पांच वर्षों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा होने जा रही है। हालांकि इस बार यात्रा पहले से खर्चीली होगी। चीन ने 17 से 20 हजार तक शुल्क बढ़ा दिया है। दरअसल, यात्रा दो मार्गों से होती है।?पहला उत्तराखंड का लिपुलेख मार्ग है और दूसरा नाथूला के रास्ते। लिपुलेख मार्ग से यात्रा पर इस बार 1.84 लाख?रुपये खर्च होंगे, जिसमें 95 हजार चीन की फीस होगी। 2019 में 1.30 लाख रुपये खर्च होते थे। तब चीन का शुल्क 77 हजार रुपये था। दूसरी ओर नाथूला मार्ग से यात्रा की तैयारियां तेज हैं। इस मार्ग से यात्रा करने पर चीन प्रति यात्री 2.05 लाख रुपये वसूल करेगा। इस मार्ग से यात्रा पर कुल खर्च 2.84 लाख रुपये आएगा। दोनों मार्गों से 17000 से 25000 रुपये तक खर्चा बढ़ा है। सिक्किम सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाई है। विधायक थिनले शेरिंग भूटिया ने कहा कि राज्य की राजधानी गंगटोक और नाथू ला के बीच दो जलवायु अनुकूलन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। पहले लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर यात्रा में 20-21 दिन लगते थे जबकि इस बार 23 दिन लगेंगे। इसका कारण यात्रियों का दिल्ली में 12 दिन गुजारना शामिल है। सिर्फ नौ दिन तिब्बत में गुजरेंगे। वहीं नाथू ला से यात्रा में 25 दिन लगेंगे। पहले 23 दिन लगते थे। इस बार यात्री 10 दिन तिब्बत तो 15 दिन भारत में बिताएंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से शुरू हो रही है, जो कि अगस्त महीने तक जारी रहेगी। इस अवधि में लगभग 250 यात्रियों को दर्शन करने का मौका मिलेगा। यात्रियों का चयन कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के तहत होता है। मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स की आधिकरिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाता है। हर साल आवेदन प्रक्रिया मार्च से अप्रैल माह तक चलती है। इस वर्ष पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 13 मई रही। पंजीकरण के लिए पासपोर्ट और फिटनेस प्रमाणपत्र अनिवार्य होते हैं। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें।

घर खरीदने का सपना होगा पूरा, 8 फीसदी से कम ब्याज पर होम लोन लेने का अवसर

बिज़नेस डायरी। आरबीआई की ओर से रेपो दर में लगातार दो बार में 0.50 फीसदी की कटौती ने मकान खरीदारों को महंगे होम लोन से कुछ राहत दी है। कई बैंकों की होम लोन की ब्याज दरें अब 8 फीसदी से नीचे पहुंच गई हैं। लंबे समय से महंगे होम लोन से जूझ रहे मकान खरीदारों को इस साल अच्छी राहत मिली है। फरवरी और अप्रैल में होम लोन की किस्त में जहां भारी गिरावट आई है, वहीं अक्तूबर तक इसमें फिर से 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है। जून और अगस्त में होने वाली आरबीआई की मौद्रिक समिति की बैठक में इस पर फैसला हो सकता है। यानी इस पूरे साल में होम लोन की ब्याज दरें एक फीसदी तक घट सकती हैं। इससे जो दरें अभी 8 फीसदी से नीचे आ गई हैं, वह 7.50 फीसदी से भी नीचे जा सकती हैं। अगर आप होम लोन लेने की सोच रहे हैं, तो 10 ऐसे बैंक हैं, जो 8 फीसदी या उससे कम ब्याज दर पर कर्ज दे रहे हैं। क्रेडिट स्कोर- बैंक कर्ज लेने की योग्यता निर्धारित करने के लिए क्रेडिट स्कोर देखते हैं।?750 से अधिक क्रेडिट स्कोर को आम तौर पर अच्छा माना जाता है। 750 से कम क्रेडिट स्कोर को खराब माना जाता है। यदि आपका क्रेडिट स्कोर औसत से कम है, तो बैंक अधिक ब्याज ले सकते हैं। बेंचमार्क यानी रेपो दर में कोई भी बदलाव आपके होम लोन की ब्याज दर पर प्रभाव डाल सकता है, बशर्ते आपकी ब्याज दर फ्लोटिंग हो। दोनों होम लोन की ब्याज संरचना अलग-अलग होती है। फिक्स्ड रेट लोन की ब्याज दरें फ्लोटिंग दरों की तुलना में थोड़ी अधिक होती हैं। हालांकि, फ्लोटिंग रेट लोन कभी भी कम या ज्यादा हो सकते हैं क्योंकि वे बाजार की स्थितियों पर समय के साथ बदलते रहते हैं।

अमेजन फैशन ने अपने जेन जी ऑनलाइन स्टोर को 'सर्व' के रूप में किया रीब्रांड

बेंगलुरु। अमेजन फैशन ने जेन ज़ी को खास तौर पर ध्यीान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है. इस स्टौरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाचइलिश स्वररूप में 'सर्व' के नाम से पेश किया गया है। 'सर्व' की बात करें तो इस शब्द का अर्थ ÷खुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज़ में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं।÷ ये शब्द आज के जेन ज़ी की ज़ुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं. ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व'

सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं. इसका मकसद है ङ्क फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन ज़ी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है. वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है. 'सर्व' आज के युवा ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़ने का तरीका पूरी तरह से बदलने वाला है जहां स्टाइल सिर्फ ट्रेंड नहीं, खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया बनता जा रहा है.

'सर्व' 2 मिलियन से ज़्यादा प्रोडक्ट्स और 350 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का बेहतरीन कलेक्शन पेश करता है, जिनमें बारसीनो, टोक्यो टॉकिज, हाईलेंडर, द बियर हाउस, दिलजीत एक्स लिवाइस, मोकोबारा, कैसियो, चुंबक, कोसर्कस्स और मॉक्सी जैसे नए ब्रांड शामिल हैं।'सर्व' जेन ज़ी की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए फास्ट फैशन, सदाबहार विकल्प और किफायती स्टाइल्स का अनोखा मेल पेश करता है।स्टोर में हर महीने ट्रेंड अपडेट्स, सीज़नल बदलाव और क्रिएटर्स द्वारा चुनी गई स्टाइल एडिट्स मिलती हैं।

खेल

भारत ने सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखा, पेनल्टी शूट आउट में बांग्लादेश को हराया

दिल्ली। भारत को दूसरे ही मिनट में कप्तान सिंगामायुम शमी ने बढ़त दिलाई, लेकिन बांग्लादेश ने 61वें मिनट में मोहम्मद जॉय के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। भारत ने रविवार को पेनल्टी शूट आउट में बांग्लादेश को 4-3 से हराकर सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। नियमित समय के बाद मुकाबला 1-1 से बराबर था जिससे नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। भारत को दूसरे ही मिनट में कप्तान सिंगामायुम शमी ने बढ़त दिलाई, लेकिन बांग्लादेश ने 61वें मिनट में मोहम्मद जॉय के गोल की बदौलत बराबरी हासिल कर ली। खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत सोमवार से भारत के समुद्र तटों तक पहले

खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' की शुरुआत होगी जिसमें देश भर से 1000 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी छह दिनों तक छह पदक स्पर्धाओं और दो प्रदर्शनी खेलों में हिस्सा लेंगे। इन खेलों का समापन शनिवार को होगा। पदक स्पर्धाओं में बीच सॉकर, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी, बीच सेपक टकरा, पेनकाक सिलाट और 'ओपन वाटर' तैराकी शामिल होगी। प्रदर्शनी खेलों में मलखंब और 'टग ऑफ वॉर' (रस्साकशी) शामिल होंगे।

90 मीटर पार करने वाले नीरज की गगन नारंग ने की तारीफ

नई दिल्ली। नारंग ने कहा, अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की मानसिक बाधा को पार करने के बाद स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था।

नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे

जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर। यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता थी। कई और प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। इसलिए उस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि सही समय पर सही स्कोर प्राप्त करना महत्वपूर्ण है।% उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए नीरज के लिए यह आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता ने प्रस्तावित निशानेबाजी लीग के बारे में आशा व्यक्त की जिसे नवंबर 2025 में शुरू किया जाना है। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से एक लीग के बारे में सोच रहे हैं।

खबरों के गलियारे से... कैलाश यादव

कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में अंतर समझें

जयराम रमेश को सांसद शशि थरूर का केंद्र सरकार की ओर से प्रतिनिधिमंडल में शामिल होना हजम नहीं हो पा रहा है। जब बड़े-बड़े नेता यह नहीं समझ पाए कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना में क्या अंतर अब जयराम रमेश ने अंतर समजाने की कोचिंग खोल ली है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि ये सच है कि इसका मतलब कुछ लोग ही समझ पाएंगे जो मूलतः कांग्रेसी है या कांग्रेस की मूल विचार धारा का सम्मान करते हैं। यहां तो कांग्रेसी आज तक कांग्रेस को ही नहीं समझ पाए हैं। यदि समझें होते तो आज सत्ता में होते और भाजपा आज तक विपक्ष में रहती। पहले नेताओं को यह समझने की जरूरत है कि देश बड़ा है या पार्टी, जिस दिन कांग्रेस यह बात समझ जाएगी तो सबको पता चल जाएगा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना अपने आप समझ जाएंगे। कांग्रेसियों में ये बहुत बुरी आदत है कि हमारे बीच से किसी नेता को थोड़ी प्रतिष्ठा मिल गई तो तत्काल नाक भौं सिकोड़ने लगते हैं। पहली बात तो सरकार तय करेगी कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में कौन प्रतिनिधित्व करेगा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का संदेश लेकर विदेश जाने वाले एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सौंपी है तो कांग्रेसियों को तो खुश होना चाहिए न कि इस पर सियासत करनी चाहिए। कांग्रेस ने थरूर का नाम प्रस्तावित नहीं किया था। जो जयराम रमेश को डायजेस्ट नहीं हो रहा है।

नशा शराब में होती तो नाचती बोतल

नशा शराब में होती तो नाचती बोतल वाला यह फिल्मी गाना प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले में सच साबित हो रहा है। शराब घोटले की जांच के बीच सरकार ने राज्य सरकार ने इस घोटाले में संलिप्त 21 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति की खबर मिलते ही ताता थैय्या करने लगे है। खबरदारों का तो यहां तक कहना है कि ईओडब्ल्यू ने एफआईआर में कुल 36 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें तत्कालीन एडिशनल डायरेक्टर, ज्वाइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जांच के दौरान ब्यूरो ने कई अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है। अब अभियोजन की स्वीकृति के बाद इन अधिकारियों की गिरफ्तारी तय मानी जा रही है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि शराब घोटाले में नजर आने लगा है। नशा शराब में नहीं बोचल और ढक्कन सूंघने वाले अधिकारियों को झूमते ईओडब्ल्यू ने देख लिया है। अब तो शराब से ज्यादा बोतल में नशा वाली कहावत लोगों में चर्चित होने वाली है।

नारियल किसानों को बनाएगा आत्म निर्भर

छत्तीसगढ़ अब नारियल की खेती में केरल को पछाड़ने वाली है। नारियल विकास बोर्ड कोंडागांव स्थित कोकोनट रिसर्च सेंटर तैयार हो चुका है। यह केंद्र न केवल नारियल की खेती को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि किसानों को नई तकनीकों और पौधों की उन्नत किस्में प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है। इस रिसर्च सेंटर में नारियल की कई प्रजातियों के साथ-साथ कोको, कॉफी, काली मिर्च, केला, लीची और हल्दी जैसी फसलों की भी उन्नत खेती की जा रही है। इस तरह का प्रयास न केवल स्थानीय किसानों की आय बढ़ा रहा है, बल्कि पूरे प्रदेश में कृषि नवाचार की मिसाल भी पेश कर रहा है। छत्तीसगढ़ के किसान नवाचार अपनाकर नया कीर्तिमान रचने जा रहे है। यह बहुत अच्छी बात है, खबरों के गलियारे में चर्चा है कि किसानों को इसका फल कब मिलेगा। नारियल के पेड़ में कब फल लगेगा और कब वो बाजार में जाकर नारियल बेचेंगे। जब भी सरकार बदलती है कोई न कोई नवाचार किसानों के माथे पड़ ही जाता है। किसानों आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार नए नवाचार को बढ़ावा दे रही है। नारियल रिसर्च सेंटर भी इसका तरो ताजा प्रयोग है। किसानों तो यही मान कर चल रहे है कि फल तो अब अगले चुनाव तक ही मिल पाएगा।

अब तो मांग पूरी कर दो सरकार

छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो चुके है मगर उसकी राजभाषा छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल आज तक नहीं हो पाया है। इसके लिए गाहो-बगाहे छत्तीसगढ़ बुद्धिजीवि केंद्र सरकार से मांग करते रहे है। रविवार को एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने पदयात्रा का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ी को राजभाषा बने 25 वर्ष से ज्यादा हो गए, लेकिन छत्तीसगढ़ी को पूर्ण रूप से राजभाषा का दर्जा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य में नई शिक्षा नीति मातृभाषा और स्थानीय बोली भाषा में पढ़ाई जानी है, लेकिन अभी तक स्कूली शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ी का पाठ्यक्रम निर्माण नहीं कर पाया है। छत्तीसगढ़ी भाषा के पेरोकार विनोद शुक्ल लगातार 25 साल से सरकार से मांग करते आ रहे पर कोई सुनवाई नहीं हुई। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि सरकार अब तो हमारी मांग पूरी कर दो। छत्तीसगढ़ी जनमानस में यहीं मांग उठ रही है कि केंद्र सरकार शीघ्र छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नक्सल मुक्ति राजभाषा को आठवीं सूची में शामिल कर सौगात दे।

स्काईवॉक में कौन चलेगा सवाल उठने लगा है

डा. रमनसिंह मंत्रिमंडल में पैदल यात्रियों को फुटपाथ में चलने के बजाय सरकार के मंत्री ने स्काई वॉक बनाने का प्रस्ताव लाया जिसे ध्वनिमत से पारित कर करोड़ों रूपए खर्च किए गए। जैसे ही 2018 में सरकार बदली उस सरकार ने तत्काल स्काईवॉक का काम रोक दिया और जनता को यह बताने की कोशिश की है कि पूर्ववर्ती सरकार ने सरकारी धन का दुरूपयोग रोकने के लिए स्काईवॉक का काम तत्काल रोका जाए। अब फिर सरकार बदल गई तो अधूरे स्काईवॉक को पूरा करने के लिए सरकार ने 37 करोड़ का फंड जारी करने के साथ टेंडरिंग भी जारी करते पक्ष और विपक्ष में घमासान शुरू हो चुका है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पक्ष वाले उसकी अच्छाई गिना रहे वहीं विपक्ष वाले इसे अपराध को बढ़ावा देने वाला बताकर इस पर सियासी जंग छिड़ गया है। कांग्रेसी तो सीधे सरकार आरोप लगा रही है कि सरकार अपने चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने के साथ पूर्व मंत्री को मंत्रिमंडल में शामिल नहां करने का खामियाजा भुगतने जा रही है।

खरोरा में किसानों की जमीन पर निजी कंपनी का कब्जा

- हाइटेंशन तार के लिए बिना सूचना गाड़े जा रहे जंबो पोल, किसानों में आक्रोश

खरोरा/नवप्रदेश। रायपुर के खरोरा क्षेत्र में किसानों की खेती की जमीन पर एक निजी कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के हाइटेंशन तार के लिए जंबो साइज के पोल खड़े करने का मामला सामने आया है। इस घटना से गुस्साए किसानों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और जमकर नाराजगी जताई। किसानों ने प्रशासन पर निजी कंपनी के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है।

बिना अनुबंध जमीन का इस्तेमाल, किसानों का आरोप

किसानों का कहना है कि शारदा बाड़ी में पहले से ही सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित है, जो सरकार को बिजली बेच रहा है। अब निजी सब्सिडी प्राप्त कंपनी बिना किसी अनुबंध के उनकी महंगी खेती की जमीन और भांठा भरी जमीनों पर हाइटेंशन तार के लिए पोल गाड़ रही है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन इस काम को सरकारी आदेश बता रहा है, जबकि उन्हें कोई लिखित सूचना या मुआवजा नहीं दिया गया।

प्रशासन की सफाई, कंपनी का पक्ष नहीं आया सामने- प्रशासन का दावा है कि निजी कंपनी का यह काम सरकारी आदेश के तहत हो रहा है। हालांकि, निजी कंपनी ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। किसानों की शिकायतों और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यह मामला गंभीर रूप ले सकता है।

आगे क्या? - खरोरा के किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वे चाहते हैं कि उनकी जमीन का इस्तेमाल बिना उनकी सहमति के न हो और उचित मुआवजा दिया जाए। इस घटना ने एक बार फिर निजी कंपनियों और प्रशासन के बीच कथित सांठगांठ के मुद्दे को उजागर किया है। अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो किसानों का आंदोलन क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा कि उन्हें अभी शिकायत प्राप्त हुई है इस संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक,वह प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की समस्या का हल किया जाएगा।

किसानों ने रोका काम, आंदोलन की चेतावनी

जैसे ही गांव के किसान समयलाल नशीने,दुर्गा प्रसाद नशीने, अजय वर्मा,दर्शन यादव, को इसकी खबर लगी, उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर काम बंद कराया। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जमीन का अनुचित इस्तेमाल बंद नहीं हुआ, तो वे जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन उनकी आजीविका का आधार है, और इसे बिना सहमति के हड़पने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हवा के एक झोंके के साथ पहुंच जाता है घर-घर प्रदूषण

- सरकार बदली विधायक बदले पर नहीं बदले प्रदूषण के नजारे
- डा सवाल सरकार से इतने प्रदूषण में जिएं तो कैसे जिएं

धरसीवां/नवप्रदेश। क्या धरसीवां क्षेत्र नेतृत्व विहीन है क्या यहां छत्तीसगढ़ सरकार का इस क्षेत्र में कोई अंकुश नहीं यह सवाल अब इसलिए उठने लगा है कि छत्तीसगढ़ में कई बार सरकार बदल गई विधायक बदल गए बाबजूद इसके इस क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर किसी का कोई अंकुश नहीं हवा का एक झोंका औद्योगिक इकाइयों की काली राख को आसपास के दर्जनों गांव में घर घर हर घर पहुंचा रहा है लेकिन मजाल है कि किसी जिम्मेदार ने अब तक इसे रोकने कोई प्रभावी कार्यवाही की हो गुरुवार की दोपहर चली तेज हवा के साथ भी हमेशा की तरह औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस टू एवं फेस वन की औद्योगिक इकाइयों की काली राख हवा के साथ वायुमंडल में घुलकर आसपास के गांवों में घर घर हर घर पहुंची और ग्रामीणों का सांस लेना तक दूभर कर दी।

गुरुवार की दोपहर डेढ़ बजे से लेकर ढाई बजे तक चली तेज हवा के साथ औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस टू के भयावह नजारे को एक ग्रामीण ने कैमरे में कैद किया जिसमें साफ देख सकते हैं कि किस तरह हवा का एक झोंका औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण को अपने साथ समेटकर ग्रामीणों राहगीरों ओर आसपास के गांवों के ग्रामीणों की सांस तक लेना मुश्किल कर देता है हवा चलती है तो न सांस लेने के साथ औद्योगिक इकाइयों का प्रदूषण भी पेट के अंदर नाक अंदर काली आंखों में चुभन रास्ते में हैं तो रास्ता तक दिखाई नहीं देता इतना प्रदूषण हवा के साथ फैलता है

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस वन फेस टू एसकेएस रोड मुरेठी गांव सोंडरा गांव सांकरा गांव निमोरा चिखली धनेली सिलतरा टाडा मांढर आदि आसपास के दर्जनों गांवों के हालात औद्योगिक प्रदूषण से चिंताजनक हैं मकानों की छतों पर औद्योगिक प्रदूषण की काली परत जमी रहती है हवा के साथ जो औद्योगिक प्रदूषण है वह घरों के अंदर तक जा रहा है तालाबों के पानी पर सुबह काली परत जम जाती है ग्रामीणों को नहाने में खुजली चलती है प्रदूषण से तरह तरह की बीमारी होती रहती हैं बाबजूद ग्रामीणों की दर्दभरी दास्तां सुनने वाला कोई नहीं।

हवा चलते ही राहगीरों को दिखती है मौत

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में जैसे ही तेज हवा चलती है हवा के साथ औद्योगिक इकाइयों की काली राखड़ के कारण रास्ता भी दिखाई देना बंद हो जाता है पैदल साइकिल या बाइक से चलने वालों की आंखों में चुभन होने लगती है सांस लेने में तकलीफहोने लगती है जो अक्सर दुर्घटना का कारण भी बन जाता है।

देवजीभाई पटेल ने अपनी ही सरकार के खिलाफ चलाया था अभियान

औद्योगिक प्रदूषण को लेकर धरसीवां विधानसभा के लगातार तीन बार विधायक रहे देवजी भाई पटेल ने अपने कार्यकाल में हल्लाबोल अभियान चलाया था और बढ़ते प्रदूषण को लेकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया था तब प्रदूषण पर कुछ समय तक अंकुश दिखा लेकिन उसके बाद फिर कभी अंकुश नहीं लगा बिना ब्रेक की गाड़ी की तरह प्रदूषण बेरोकटोक दौड़ता गया और हालात बद से बदतर होते गए सरकार भी बदल गई ओर बदलने के बाद वो सरकार भी चली गई विधायक भी बदल गए लेकिन प्रदूषण घटने के बजाय बढ़ता ही गया

शिकायतें रद्दी की टोकरी में

बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण से हालाकान ग्रामीण पर्यावरण संरक्षण मंडल में कई बार शिकायत कर चुके लेकिन नतीजा सिफर ही निकला सोंडरा के ग्रामीणों ने जिनमें महिलाएं भी सामिल थी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफनामजद शिकायत की थी बाबजूद उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई

ग्राम गुडेलिया बना छत्तीसगढ़ का मॉडल विकसित गांव : बृजमोहन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक के विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर मेंअपनी सहभागिता देते हुए ग्राम गुडेलिया के शिविर में आए ग्रामीणों द्वारा रखे गये मांगों पर विकास की अनेक घोषणायें करते हये अनेक विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाईब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोकार्पण भी किया।

उक्त अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया में हुए कार्यो एवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है, जहां हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा एवम शहरों जैसे कार्य ग्राम पंचायत गुड़ेलिया में किया जा रहा है सांसद ने कहा कि मैं आए हुए सभी सरपंचों से निवेदन करता है कि आप सभी भी गुड़ेलिया गाव के जैसे अपने गाव को विकसित करने का प्रयास करे , सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया।

उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है । उन्होंने गांव,गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि पूरे प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है। यह गांव मॉडल गांव के रूप में पूरे प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है।

बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की बदहाल सड़क ने फिर मचाई खलबली

- गाडामोर के पास बीच सड़क में माजदा वाहन पलटा

नवागढ़/नवप्रदेश। बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़कें और तेज रफ्तार वाहन चालक यहां की जनता के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। शनिवार शाम करीब 6 बजे नवागढ़-मुंगेली मार्ग के गाडमोर-नवलपुर मोड़ के पास एक सफेद रंग की माजदा वाहन के टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। वाहन में पडकीडीह अंधियारखोर केलाबाड़ी से कच्चे केले लदे हुए थे, जो कोरबा भेजे जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन तेज रफ्तार में नवागढ़ की ओर आ रहा था। मोड़ के पास अचानक टायर फटने की तेज आवाज सुनाई दी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। वाहन के पलटते ही उसमें लदे कच्चे केले चारों ओर बिखर गए। इस कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। हालांकि चालक और हेल्पर सुरक्षित बाहर निकले।

जाम और राहत कार्य

इस हादसे के कारण सड़क पर करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटी हुई गाड़ी को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अलील चंद ने बताया कि पुराने टायर और तेज रफ्तार दुर्घटना के मुख्य कारण थे। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अपने वाहनों की जांच कराएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

थाना प्रभारी का संदेश

अलील चंद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को तेज रफ्तार से बचना चाहिए, समय-समय पर वाहन की जांच करानी चाहिए और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा इंतजाम और सड़क की मरम्मत पर विशेष ध्यान देना होगा।

स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय लोग चाहते हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपाय करे ताकि भविष्य में हादसे कम हों और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर समय रहते कदम न उठाए गए तो बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना रहेगा।

सड़क की खराब स्थिति और बढ़ती दुर्घटनाएं:

स्थानीय लोग बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़क स्थिति से बेहद परेशान हैं। सड़कों पर गहरे गड्ढे, टूटी सड़कें और अपर्याप्त सुरक्षा संकेत यात्रियों और वाहन चालकों की जान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। तेज रफ्तार के साथ-साथ सड़क की यह खराब स्थिति दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

स्थानीय प्रशासन से कई बार सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपायों की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस भी इस समस्या से अवगत है और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को सतर्क करती रहती है।

ढाबे में रिश्वत लेते आरक्षक का वीडियो हुआ था वायरल, एसपी ने किया सस्पेंड

बलौदाबाजार। बीते दिनों हमने राजा देवरी थाने के एक आरक्षक के वीडियो वायरल होने की खबर लगाई थी, जिसमें वह सिमगा के पास जंक्शन ढाबे में रिश्वत लेते नजर आता है। मामला खुलने के बाद सोमवार को बलौदाबाजार एसपी भावना गुप्ता ने आरक्षक विरेन्द्र कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्होंने छ्स्क्तारेश साहू को जांच मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें, वीडियो वायरल होने के बाद आरक्षक से बातचीत की, तब उसका दावा था कि उक्त कैश उसने किसी नारायण निषाद को उधार में दिए थे और उसके कहने पर ही पैसे लेने वह ढाबा गया था। वायरल वीडियो में आरक्षक गाली-गलौच करते हुए और लाइजनिंग के लेन-देन की बात करते सुना जा सकता है। इस वीडियो में आरक्षक 2-3 ढाबा चलाने की बात भी कहते हुए सुना जा सकता है। आरक्षक ने वायरल वीडियो को लेकर यह भी कहा था कि ये वीडियो 2-3 महीने पुराना है, लेकिन जब से उनकी उक्त राजा देवरी थाने में पोस्टिंग हुई है तब से उनके कुछ जलने वालों ने ये वीडियो वायरल कर दिया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com